सुविचार
व्यक्ति अपने कर्मो से महान बनता है, ना की अपने जन्म से!

साप्ताहिक
# युवा प्रदेश
Freedom Of Speech
RNI. NO. MPHIN/2015/76299
संपादक-नागेश नरवरिया

YP24 NEWS
FREEDOM OF SPEECH
जिला एवं तहसील में संवाददाता नियुक्त करना है। संपर्क करे -9425156055

वर्ष 9, अंक- 25 | www.yuvapradesh.in | भोपाल, शुक्रवार 26 जुलाई 2024 | ypnews24@gmail.com | पृष्ठ -8 | मूल्य 2 रुपये

## झंडे को कुचलना एवं राष्ट्रीयगान के गायन के समय रोकना कब अपराध होगा जानिए/legal advice.....

भारत के प्रत्येक नागरिक का मौलिक कर्तव्य है की वह राष्ट्रीय ध्वज एवं राष्ट्रीय गान का पूरा सम्मान करे क्योंकि यह हमारे देश के प्रतीक एवं गौरव है द्व अगर कोई व्यक्ति झंडे का अपमान करता है या राष्ट्रीय गान को बीच में रोकता है तब उसके खिलाफ किस कानून के अंतर्गत मामला दर्ज होगा जानिए।

**राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 की धारा 02 की परिभाषा:**

**तिरंगे झंडे का अपमान करना:** अगर कोई व्यक्ति किसी सार्वजनिक स्थान पर तिरंगे झंडे को जलाता है, उसे फाड़ता है, नष्ट करता है, कुचलता है, उसका मौखिक या लिखित अनादर करता है, आधा झुका कर फहराता है, किसी वेषभूषा में या साधन में कमर के नीचे पहनता है, किसी प्रतिमा, मेज, मंच पर ढन्कता है एवं जानबूझकर उल्टा फैहराता है तब वह व्यक्ति उपर्युक्त अधिनियम की धारा 02 के अंतर्गत दोषी होगा।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665

**अपराध का वर्गीकरण:** यह संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध होते है एवं इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा होगी द्व इस अपराध के लिए अपराधी को अधिकतम तीन वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

**राष्ट्रीय गौरव अपमान निवारण अधिनियम, 1971 की धारा 03 की परिभाषा:**

राष्ट्रीय गान के समय बाधा उत्पन्न करने पर: जो कोई व्यक्ति जानबूझकर भारतीय राष्ट्रीय गान को गाए जाने से रोकता है, राष्ट्रीय गान होते समय उसका अपमान करता है या बाधा उत्पन्न करता है तब ऐसा उपरोक्त अधिनियम की धारा 03 के अंतर्गत दोषी होगा।

**अपराध का वर्गीकरण:** यह संज्ञेय एवं जमानतीय अपराध होते है एवं इनकी सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा होगी। इस अपराध के लिए अपराधी को अधिकतम तीन वर्ष की कारावास या जुर्माना या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

## मध्यप्रदेश में डाक्टरों या डाक्टरी की पढ़ाई कर रहे छात्रों के साथ दुर्व्यवहार करना कितना गम्भीर अपराध है जानिए/legal advice...

कहते हैं भगवान से पहले व्यक्ति डाक्टरों पर विश्वास करते हैं और ये सही भी है क्योंकि आज व्यक्ति स्वास्थ्य है तो अच्छी चिकित्सा के कारण ही है और अच्छी चिकित्सा एक अच्छा चिकित्सक ही दे सकता है इसी लिए मध्यप्रदेश शासन ने चिकित्सकों एवं उनसे जुड़े स्वास्थ्य कर्मियों, चिकित्सक छात्रों आदि के हित को ध्यान मे रखते हुए वर्ष 2008 में मध्यप्रदेश चिकित्सक तथा सेवा से संबंध व्यक्तियों की सुरक्षा अधिनियम, 2008 बनाया है। उक्त कानून में बताया गया है कि अगर कोई व्यक्ति डाक्टरों, पैरामेडिकल कार्यकर्ताओं, मिड-वाइस, चिकित्सक छात्र/छात्राएँ, पैरा मेडिकल छात्र/छात्राएँ, नर्सिंग छात्र,नर्स,चिकित्सक कर्मी जैसे कि सहायक, आया, वार्ड बॉय, लिपिक आदि मान्यता प्राप्त एलोपैथिक डाक्टर, मान्यता प्राप्त होम्योपैथिक डाक्टर एवं कोई भी रजिस्ट्रीकृत चिकित्सक व्यवसायी जिसका अस्थाई रजिस्ट्रीकरण हैं उसको धमकी देगा, हमला करेगा, आपराधिक बल का प्रयोग करेगा या धमकी देकर रुकने आदि को कहेगा, अपशब्द कहेगा वह व्यक्ति मध्यप्रदेश चिकित्सक तथा सेवा से संबंध व्यक्तियों की सुरक्षा अधिनियम, 2008 की धारा 03 के अंतर्गत दोषी होगा।



युवा प्रदेश समाचार पत्र
- लेखक बीआर अहिरवार(एडवोकेट एवं विधिक सलाहकार होशंगाबाद)
9827737665


**अपराध का वर्गीकरण-** उपरोक्त अधिनियम की धारा 04 से 07 में अपराधों के दंड एवं कार्यवाहियों के बारे मे प्रावधान किया गया है जानिए-

यह अपराध संज्ञेय एवं अज़मानतीय होते हैं अर्थात पुलिस अधिकारी द्वारा इस अपराध में एफआईआर दर्ज होगी लेकिन आरोपी को जमानत के लिए न्यायालय ही जाना होगा। इस अपराध की सुनवाई किसी भी न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वारा की जा सकती है एवं न्यायालय की अनुमति द्वारा ही इस अपराध में राजीनामा हो सकता है।

**सजा-** इस अपराध में दोषी व्यक्ति को तीन माह की कारावास या दस हजार रुपये जुर्माना तक या दोनों से दण्डित किया जा सकता है।

# पीएम मोदी बोले- युवाओं-मध्यम वर्ग को मिलेगी नई ताकत

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आज मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल का पहला आम बजट पेश किया। बजट में किए गए प्रावधानों पर प्रधानमंत्री मोदी ने खुशी जताई और कहा कि यह बजट देश को समृद्धि की ओर लेकर जाएगा और इस बजट में समाज के सभी वर्गों का ध्यान रखा गया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि ये शक्ति देने वाला बजट है। ये किसानों-युवाओं को प्रगति की राह पर ले जाना वाला बजट है। पिछले 10 वर्षों में 25 करोड़ लोग गरीबी से बाहर निकले हैं। ये उनकी आर्थिक प्रगति में निरंतरता का बजट है। ये युवाओं को अनगिनत मौके देने वाला बजट है। इस बजट से मिडिल क्लास को नई ताकत मिलेगी। ये जनजातीय समाज, दलित, पिछड़ों को सशक्त करने की मजबूत योजनाओं के साथ आया है। इस बजट से महिलाओं की आर्थिक भागीदारी सुनिश्चित करने में मदद मिलेगी।




**रोजगार और स्वरोजगार पैदा करना हमारी सरकार की पहचान:** प्रधानमंत्री मोदी ने कहा इस बजट से व्यापारियों, लघु उद्योगों को प्रगति का नया रास्ता मिलेगा। बजट में उत्पादन पर भी बल है, इन्फ्रास्ट्रक्चर पर भी बल है। इससे आर्थिक विकास को गति मिलेगी और गति को भी निरंतरता मिलेगी। रोजगार और स्वरोजगारों को पैदा करना हमारी सरकार की पहचान रही है। आज का बजट इसे और सुदृढ़ करता है। प्रधानमंत्री के अनुसार, इस बजट में सरकार ने एमप्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेटिव का एलान किया है। इस योजना के तहत जीवन में पहली नौकरी पाने वाले युवा की पहली तनख्वाह हमारी सरकार देगी। कौशल विकास और उच्च शिक्षा के लिए मदद हो या फिर एक करोड़ नौजवानों को इंटर्नशिप की योजना, इसे युवाओं के, गरीब के, मेरे बेटे-बेटी, देश की टॉप कंपनियों में काम करेंगे। उनके लिए संभावनाओं के नए द्वार खुलेंगे। प्रधानमंत्री के अनुसार, हमें हर शहर, हर गांव, हर घर आंत्रप्रेन्योर्स बनाने हैं। हमने बिना गारंटी मुद्रा लोन की लिमिट बढ़ाकर 10 लाख से 20 लाख किया गया है। इससे पिछड़े, दलितों, आदिवासियों को लाभ मिलेगा। हम मिलकर देश को औद्योगिक हब बनाएंगे। देश का एमएसएमई सेक्टर देश का केंद्र बना है। छोटे उद्योगों की बड़ी ताकत हमारा अहम कदम है। इस बजट में उनके लिए ईज ऑफ क्रेडिट बढ़ाने का इंतजाम किया गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, हम सब मिलकर भारत को वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाएंगे। इस बजट में लघु उद्योगों के लिए ऋण की आसानी बढ़ाने वाली नई योजनाओं का ऐलान किया गया है। विनिर्माण और निर्यात पारिस्थितिकी तंत्र को हर जिले तक ले जाने के लिए बजट में अहम घोषणा की गई है।

## मंत्री श्री टेटवाल ने संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क का किया औचक निरीक्षण

**भोपाल।** कौशल विकास एवं रोजगार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्री गौतम टेटवाल ने संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल पार्क (जीएसपी) का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे विद्यार्थियों से रू-ब-रू चर्चा की। विद्यार्थियों के ट्रेड एवं ट्रेड की भविष्य में उपयोगिता के बारे में विस्तृत चर्चा की। मंत्री श्री टेटवाल ने जीएसपी के हॉस्टल में उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं की जानकारी ली। विद्यार्थियों ने मंत्री श्री टेटवाल को अपने मध्य पाकर खुशी के साथ ट्रेनिंग एवं संस्थान की सुविधाओं के बारे में जानकारी दी। मंत्री श्री टेटवाल ने क्लास रूम, कॉफ्रेंस हॉल सहित सम्पूर्ण परिसर का निरीक्षण किया। पार्क में प्रदेश से आये विद्यार्थी ट्रेनिंग ले रहे हैं। सिंगापुर से ट्रेनिंग लेकर आये प्रशिक्षकों द्वारा ट्रेनिंग दी जा रही है। भारतीय नौसेना के अधिकारियों के दल ने जीएसपी का भ्रमण किया। दल ने व्यस्थाओं की सराहना की। दल ने जीएसपी के विभिन्न एडवांस ट्रेड्स में स्किल्ड मैनपॉवर से संभावित सहयोग लेने और परीक्षण सुविधा स्थापित करने के लिए अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। दल में अतिरिक्त महानिदेशक गुणवत्ता आश्वासन (युद्धपोत परियोजनाएं) रियर एडमिरल इकबाल सिंह ग्रेवाल, डीजीक्यूए टीम में कैप्टन आरएस मिश्रा, कैप्टन ओपी शर्मा, कमांडर एमपीएस अजरोत और श्री जे सिंह एसएसओ-II भी शामिल थे। ग्लोबल स्किल पार्क के सीईओ श्री आर रामलिंगम और परियोजना निदेशक श्री गौतम सिंह ने नौसेना दल के अधिकारियों को पार्क की व्यवस्थाओं से अवगत कराया।



## विद्युत संबंधी विषयों के त्वरित निराकरण के लिये राज्य स्तरीय अंतर्विभागीय समिति गठित



**भोपाल।** राज्य शासन द्वारा विद्युत संबंधी राज्य स्तरीय विषयों के त्वरित निराकरण के लिए विभिन्न विभागों से समन्वय के लिये राज्य स्तरीय विद्युत अंतर्विभागीय समिति का गठन किया गया है। समिति में अपर मुख्य सचिव ऊर्जा विभाग को अध्यक्ष बनाया गया है। इसी प्रकार सचिव वित्त विभाग, प्रबंध संचालक, एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी लिमिटेड, आयुक्त खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण, आयुक्त नगरीय प्रशासन एवं विकास संचालनालय, आयुक्त भू-अभिलेख, पुलिस महानिदेश के प्रतिनिधि (एडीजी/आईजी स्तर के), प्रबंध संचालक, म.प्र. राज्य इलेक्ट्रानिक्स विकास निगम लिमिटेड को सदस्य और विशेष कर्त्तव्यस्थ अधिकारी ऊर्जा विभाग को समिति में सदस्य संयोजक होंगे। समिति उपभोक्ताओं द्वारा विद्युत उपभोग की प्रवृत्ति में सकारात्मक परिवर्तन करने और प्रभावी राजस्व प्रबंधन में सहयोग करेगी। इसके अतिरिक्त समिति विद्युत उपभोक्ताओं के संबंध में पृथक-पृथक शासकीय विभागों द्वारा संधारित जानकारी एकत्रित करेगी, जिसमें डाटा एनालिसिस के आधार पर सक्षम व समर्थ उपभोक्ताओं की पहचान की जा सकेगी। जिनके द्वारा जानबूझकर विद्युत बकाया का भुगतान नहीं किया जा रहा है अथवा अन्य पद्धतियों से विद्युत बिल अनियमित तरीके से कम किया जा रहा है, की पहचान करेगी। विद्युत चोरी पकडने एवं बकाया राशि की वसूली के दौरान विद्युत कार्मिकों के साथ अभद्र व्यवहार की स्थिति में त्वरित वैधानिक कार्रवाई सुनिश्चित कर सुरक्षा प्रदान करने में सहयोग करेगी। समिति शासकीय विभागों व शासकीय अधिकारियों/कर्मचारियों पर विद्युत कंपनी की बकाया राशि का भुगतान सुनिश्चित करेगी। समिति अवैध कॉलोनियों सहित अन्य रहवासी क्षेत्रों में विद्युत चोरी की रोकथाम के लिये जागरूकता अभियान तथा विद्युत अधोसंरचना के विकास के लिये प्रभावी कार्रवाई भी करेगी।

## फ्यूचर रेडी मध्यप्रदेश में सरकार का सहयोग और जनता का साथ औद्योगिक विकास का है आधारः मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### 1200 से अधिक प्रतिनिधि हुए शामिल, 3500 करोड़ रुपए से अधिक के निवेश प्रस्ताव हुए प्राप्त

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि मध्य प्रदेश में निवेश को सुविधाजनक बनाने के लिए कोयम्बटूर तमिलनाडु में मध्यप्रदेश का एक उद्योग कार्यालय खोला जाएगा। यह कार्यालय मध्य प्रदेश और तमिलनाडु के बीच व्यापार और व्यवसाय बढ़ाने के लिए सेतु का काम करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोयम्बटूर में इन्वेस्ट एमपी- इंटरेक्टिव सत्र को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि इन्वेस्टर समिट का एक उद्देश्य यह भी है कि व्यापार और व्यवसाय के आधार पर विभिन्न प्रदेश परस्पर नजदीक आएं और हम मिलकर प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भारत को दुनिया का नंबर वन देश बनाने की दिशा में संकल्पित होकर कार्य करें। यहाँ के उद्योगपतियों ने कोयम्बटूर और त्रिपुर को अपने बलबूते पर इंडस्ट्रियल हब के रूप में स्थापित किया है, अब मध्यप्रदेश आपको बुला रहा है, हम आपको व्यापार व्यवसाय बढ़ाने के नए अवसर देने और प्रेम बांटते हुए मध्यप्रदेश एवं तमिलनाडु के संबंधों को अधिक मजबूत करने के उद्देश्य से यहां आए हैं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने दक्षिण भारत के प्रमुख औद्योगिक केंद्र कोयम्बटूर में आयोजित ÷इन्वेस्ट एमपी-इंटरेक्टिव सत्र÷ का दीप प्रज्ज्वलित कर तथा तुलसी के पौधे में जल अर्पित कर शुभारंभ किया। कोयम्बटूर टैक्सटाइल एवं गारमेंट, इंजीनियरिंग और सूचना प्रौद्योगिकी जैसे औद्योगिक सेक्टर के लिए जाना जाता है। प्रदेश में निवेश और औद्योगिक गतिविधियों के प्रोत्साहन के लिए भोपाल में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में तमिलनाडु के उद्योगपतियों को आमंत्रित करने के उद्देश्य से कोयम्बटूर में रोड शो और निवेशकों व उद्योगपतियों के साथ इंटरेक्टिव सत्र आयोजित किया गया। सत्र में 1200 से अधिक प्रतिनिधियों ने भागीदारी की तथा मध्यप्रदेश में निवेश के लिए 3500 करोड़ रुपए से अधिक निवेश के प्रस्ताव प्राप्त हुए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि मध्यप्रदेश में भी टैक्सटाइल एवं गारमेंट इंडस्ट्री, ऑटोमोबाइल एवं इंजीनियरिंग उद्योग तेजी से विकसित हो रहे हैं। मध्यप्रदेश में इन क्षेत्रों में अपार संभावनाएं हैं।



# भीम आर्मी का स्थापना दिवस सिरोंज में मनाया गया

## स्थापना दिवस के मौके पर भीम आर्मी कार्यकताओं ने सैकड़ो पोधो का वृक्षारोपण भी किया








भीम आर्मी भारत एकता मिशन का 9 वा स्थापना दिवस सिरोंज में मनाया गया जिसमें जिला भर के सैकड़ो कार्यकर्ता व पदाधिकारी शामिल हुए पूरा हॉल कार्यकर्त्ताओं से खचाखच भरा हुआ था कार्यक्रम की शुरुआत सविंधान की प्रस्तावना पड़कर किया इसके बाद भीम आर्मी के सामाजिक संघर्ष को याद किया और नगीना संसद चंद्रशेखर आजाद जी की ऐतिहासिक जीत की सभी को बधाई मंगलकामनाएं दी साथ ही स्थापना दिवस के अवसर पर संभाग अध्यक्ष गब्बर सिंह ने बताया कि सवैधानिक अधिकारों की रक्षा व जातिगत उत्पीड़न का विरोध करने के लिए 2015 में भीम आर्मी की स्थापना की




भीम आर्मी का संघर्ष एक क्रांतिकारी संघर्ष हैं भीम आर्मी ने जमीन पर जिस प्रकार देश के शोषित वंचित समाज के सामजिक परिवर्तन और आर्थिक मुक्ति के लिए भीम आर्मी ने आंदोलन चलाया है। भीम आर्मी के राष्ट्रीय अध्यक्ष विनय रत्न सिंह जी के आदेशानुसार स्थापना दिवस के मौके पर अपने कार्यकर्ता साथियो के साथ जिला भर से 1 लाख नए कार्यकर्ता साथियो को आजाद समाज पार्टी की सदस्यता दिलाने का संकल्प लिया साथ ही सैकड़ो नए कार्यकर्ताओ ने भीम आर्मी के कार्यो और संघर्ष विचारधारा से प्रेरित होकर आजाद समाज पार्टी की सदस्यता ग्रहण की और संकल्प लिया कि भीम आर्मी को घर घर तक पहुचाएंगे इसके बाद गब्बर सिंह ने सिरोज पार्क पहुँच कर स्थापना दिवस के अवसर पर बहुत सारे पोधो का वृक्षारोपण किया और उनके संरक्षण का भी संकल्प लिया इस मौके पर मोहरसिंह बौद्ध,कल्याण सिंह,संतोष विश्वकर्मा ,अनिकेत,अंजर खान,अभिषेक,जितेंद्र,शिवकुमार,जीवन अहिरवार,छोटू अहिरवार,जगदीश ,सुनील बौद्ध,नितेश,संजीव ,भारत,बलराम प्रभाकर सभी कार्यकर्ता पदाधिकारी साथी उपस्थित हुए।

एक पेड़ माँ के नाम

# पर्यावरण को शुद्ध रखने एवं प्रकृति को सहेजने के लिए किया जा रहा है वृक्षारोपण

**संभागीय संवाददाता हेमंत शाक्य**





सुल्तानपुर। एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत सी एम राइस हायर सेकेंडरी स्कूल सुल्तानपुर के शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा अपने विद्यालय परिवार के साथ मिलकर विद्यालय परिसर में नवीन पौधे रोपे गए हैं जिनमे अशोक, आम, जामुन, अमरुद के पौधे शामिल है शिक्षक सुशील शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं एवं उनके माता-पिता को भी वृक्षारोपण अभियान के अंतर्गत अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाने के लिए जागरूक किया जा रहा है जिससे हमारा पर्यावरण शुद्ध रह सके एवं हमें प्राण वायु मिल सके , हम सभी को वृक्षारोपण अभियान में भाग लेना चाहिए एवं प्रकृति की रक्षा करने के लिए अधिक से अधिक पेड़ पौधे लगाना चाहिए जिससे धरती की रक्षा हो सके एवं एवं प्रकृति से होने वाली प्राकृतिक आपदा से बचा जा सके पेड़ पौधों का संरक्षण मानव समाज एवं देश के विकास के लिए बहुत ही आवश्यक है हमें आने वाली नई पीढ़ी के लिए प्रकृति का संरक्षण करना बहुत जरूरी है।

# टीएल बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने सीएम हेल्पलाईन तथा विभागीय गतिविधियों की समीक्षा

**अधिकारियों को दिए दिशा-निर्देश**




**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित टीएल बैठक में कलेक्टर श्री अरविंद दुबे द्वारा समय सीमा वाले शासकीय पत्रों तथा सीएम हेल्पलाईन की विस्तृत समीक्षा करते हुए अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कलेक्टर श्री दुबे ने विभागवार सीएम हेल्पलाईन में लंबित शिकायतों तथा उनके निराकरण की समीक्षा के दौरान डी और सी ग्रेड में शामिल विभागों के अधिकारियों को लंबित शिकायतों का संतुष्टिपूर्ण निराकरण करने के साथ ही ग्रेडिंग में सुधार करने के भी निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री दुबे ने कहा कि सीएम हेल्पलाईन में शिकायत प्राप्त होते ही निराकरण की कार्यवाही की जाए। कोई भी शिकायत अधिक समय तक लंबित ना रहे। बैठक में कलेक्टर श्री दुबे ने राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के प्रकरणो पर की गई कार्यवाही की विभागवार समीक्षा की तथा आयोग की विभागवार शिकायतों का निराकरण कर कार्यवाही विवरण भेजने के संबंधित विभागो के अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में पीएचई, पीडब्ल्यूडी, स्वास्थ्य, शिक्षा, महिला बाल विकास सहित अन्य विभागों की भी समीक्षा की गई। कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिला पंचायत सीईओ श्रीमती अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर श्रीमती श्वेता पवार सहित जिला अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में अब तक 392.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज

## बीते 24 घंटे में हुई 29.9 मिलीमीटर औसत वर्षा

**सम्भागीय पत्रकार हेमंत शाक्या**

रायसेन। जिले में 01 जून 2024 से 22 जुलाई 2024 तक 392.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है जो कि गत वर्ष इसी अवधि में हुई औसत वर्षा से 108.4 मिलीमीटर कम है। जिले की वर्षा ऋतु में सामान्य औसत वर्षा 1197.1 मिलीमीटर है। अधीक्षक भू-अभिलेख द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 01 जून 2024 से 22 जुलाई 2024 तक जिले के वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 400.8 मिलीमीटर, गैरतगंज में 233.5, बेगमगंज में 390.1, सिलवानी में 386.6, गौहरगंज में 392.9, बरेली में 656.8, उदयपुरा में 439.4, बाड़ी में 400, सुल्तानपुर में 374.8 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 249.5 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।



### बीते 24 घंटे में 29.9 मिलीमीटर औसत वर्षा

जिले में बीते 24 घंटे में 22 जुलाई 2024 को प्रातः 08 बजे तक 29.9 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। इस दौरान वर्षामापी केन्द्र रायसेन में 13 मिलीमीटर, गैरतगंज में 17.4, बेगमगंज में 36.4, सिलवानी में 12.6, गौहरगंज में 18, बरेली में 103.8, उदयपुरा में 35, बाड़ी में 27, सुल्तानपुर में 9.4 तथा वर्षामापी केन्द्र देवरी में 26.1 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

# कुर्सी बचाओ बजट, थोड़ी मजबूरी थोड़ी घबराहट !

भावना मंगलमुखी, मुंबई



## बजट की प्रमुख बातें -

- रोजगार समस्या की स्वीकारोक्ति परंतु वादें और उम्मीदें बिलकुल खोखले !
- इन्फ्रास्ट्रक्चर पर संतोषजनक निवेश परंतु एफडीआई के नाम पर विदेशियों से आस !
- तकनीकी और गैर पारंपरिक ऊर्जा स्त्रोतों को प्रोत्साहन।
- रेल, शिक्षा, स्वास्थ्य पर बिलकुल भी ध्यान नहीं !
- विरासत कर को अप्रत्यक्ष मंजूरी और शेयर मार्केट में छोटे निवेशकों को झटका !
- सरकार बचाने हेतु सिर्फ़ आंध्र व बिहार को विशेष पैकेज वाली लॉलीपॉप किस्तें !
- अन्य राज्यों की घोर उपेक्षा !
- अर्थव्यवस्था की वास्तविक स्थिति चिंताजनक, चुनावी राज्यों को भी नहीं बांट पाए रेवड़ी, उत्तर प्रदेश और योगी से भी लिया बदला !

दोस्तों चूंकि हमारा प्रतिवर्ष का बजट फरवरी माह में ही आ जाता है लेकिन इस बार आम चुनावों के चलते फरवरी में सिर्फ़ अंतरिम बजट ही पेश हुआ था इसलिए 4 जून 2024 को चुनाव परिणाम आने और एनडीए की सरकार बनने के पश्चात हम सभी भारतवासियों की नजरें वर्ष 2024 - 25 के पूर्ण बजट पर टिकी हुई थी। पूर्व निर्धारित समयानुसार वितमंत्री निर्मला सीतारमन ने 23 जुलाई 2024 को संसद में आम बजट को पेश किया। ऐसा करते ही वे भारतीय इतिहास में सर्वाधिक सात बार बजट पेश करने वाली पहली वितमंत्री बनी।

निर्मला सीतारमन जी के बजट भाषण को सुनकर प्रथमदृष्टया तो लगता है मानो यह बजट भी 2013 - 14 जैसी राजनीतिक निराशा में मोदीजी द्वारा 2014 में तत्कालीन गुजरात विकास मॉडल के तहत जगाई गई नई उम्मीद की रोशनी जैसा है लेकिन इस बजट के सूक्ष्म विश्लेषण से पता चलता है कि इस बजट में भी किए गए वादों और उम्मीदों पर भी उसीप्रकार पानी फिर सकता है, जैसे 2014 के वादें भी 2024 तक आते - आते जुमला साबित हो गए, क्योंकि ज्यादातर वादें सिर्फ़ वादें और उम्मीदें ही है, उनके लिए कोई ठोस कार्य योजना नहीं है।

सरकार ने पहली बार रोजगार को एक प्रमुख मुद्दा तो माना है लेकिन सरकारी विभागों में रिक्त लाखों पदों पर भर्ती की भी कोई घोषणा नहीं है। हो सकता है इसके लिए सरकारी खजाने में पर्याप्त पैसा ही न हो इसलिए वह बारंबार निजी उद्योगपतियों से रोजगार बढ़ाने की अपील करती नज़र आती है लेकिन पूंजीपतियों की चमड़ी इतनी मोटी होती है कि वे सिर्फ़ अपने लाभालाभ में अंधे होकर अपने कर्मचारियों से अधिकतम काम और न्यूनतम वेतन की नीति अपनाते है इसलिए मुझे उनसे व्यापक मात्रा में सम्मानजनक रोजगार की उम्मीदें कम है। इंटर्नशिप योजना भी युवाओं के बजाय उद्योगपतियों के हित में ही प्रतीत हो रही है।

इस बजट में इन्फ्रास्ट्रक्चर पर संतोषजनक निवेश की बात कही गई है लेकिन उसके साथ ही चीन और अन्य देशों की विदेशी कंपनियों से भी निवेश की अपेक्षा की गई है। फिर भी माना जा सकता है कि इसका कुछ तात्कालिक फायदा चंद ठेकेदारों और मजदूर वर्ग को भी होगा लेकिन एमएसएमई की उपेक्षा से व्यापक स्तर पर रोजगार का विकेंद्रीकरण नहीं हो पाएगा। कुछ क्षेत्रों में भारी उद्योगों को बढ़ावा देने की बात तो कही गई है लेकिन उसमें भी अडानी - अंबानी जैसे पूंजीपतियों का वर्चस्व रहने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता।

इस बजट में रेल, शिक्षा व स्वास्थ्य पर बिलकुल भी निवेश नहीं बढ़ाया गया। जहां 2015 तक रेलवे का स्वतंत्र बजट हुआ करता था, और प्रतिवर्ष कई नए रूट बनाने और नई ट्रेनें चलाने की घोषणा होती थी, वहीं इस बार के बजट भाषण में वितमंत्री द्वारा रेलवे का जिक्र ही मात्र एक बार करना सबको आश्चर्यचकित करता है। और यह भी उस समय जब विगत तीन महीनों से लगातार रेल दुर्घटनाएं हो रही है। पिछले सप्ताह में लगातार चार दिन में रेल दुर्घटनाओं ने हैट्रिक का भी रिकॉर्ड तोड़ दिया। कम से कम नई घोषणाएं नहीं की जाती तो रेलवे की दुर्घटनाओं को रोकने और सुरक्षा को लेकर तो कोई ठोस प्रावधान किए जाते। रेलवे के जैसा ही हाल शिक्षा व स्वास्थ्य का भी है। हम सपने तो विश्वगुरू बनने के देख रहे है लेकिन विकसित देशों में जहां शिक्षा और स्वास्थ्य पर औसत 4 - 4 प्रतिशत बजट खर्च किया जाता है, वहां हम 2 - 2 प्रतिशत भी खर्च नहीं कर पा रहे हैं। कुछ सरकारी कर्मचारी चयन बोर्ड भी कई बार बता चुके हैं कि Anybody is Not found suitable' यानि इस कार्य के लिए कोई व्यक्ति उपयुक्त ही नहीं है। यह तथ्य सरकार की स्किल इंडिया योजना की पोल खोलता है क्योंकि इसका मतलब ही यही है कि सरकार लोगों को कौशलयुक्त व रोजगारपरक शिक्षा दे पाने में असमर्थ है। आए दिन पेपर लीक और भर्ती घोटालों के बीच इस बजट में शिक्षा की उपेक्षा यह साबित करता है कि सरकार स्वयं सरकारी शिक्षा व्यवस्था को बीएसएनएल की भांति बर्बाद करके निजी शिक्षा माफियाओं को आगे बढ़ाना चाहती है और हो सकता है कि आगे चलकर सभी सरकारी शिक्षण संस्थानों को पूर्णरूप से निजी हाथों में सौंप दे।

शिक्षा की भांति स्वास्थ्य के साथ भी इस सरकार द्वारा हमेशा दोयम दर्जे का व्यवहार किया गया है। कोरोनाकाल में स्वास्थ्य विभाग की व्यापक अक्षमता उजागर होने के बावजूद सरकार स्वास्थ्य के प्रति चिंतित नहीं है। लगता है यहां भी सरकारी शिक्षण व्यवस्था के साथ - साथ सरकारी स्वास्थ्य सेवा को भी पंगु बनाकर सरकार निजी चिकित्सा और दवा माफियाओं को आगे बढ़ाना चाह रही है। ऐसा करके सरकार अपने सामाजिक दायित्वों से पल्ला झाड़ना चाहती है। इस बजट में कृषि को लेकर कुछ तकनीकी नवाचारों की बात तो की गई है लेकिन मेरा मानना है कि इन नवाचारों का भी ठेका कुछ निजी कंपनियों को दे दिया जाएगा, जो स्वयं तो मालामाल होती जाएगी लेकिन किसानों के हाथ कुछ नहीं लगेगा। सरकार को अगर किसानों की वास्तविक चिंता होती तो सरकार को तत्काल किसानों की ऋण माफ़ी, बिजली दरों में रियायत, खाद - उर्वरक, कीटनाशक और कृषि उपकरणों को जीएसटी मुक्त करने के साथ ही फसलों की एमएसपी की कानूनी गारंटी को सुनिश्चित करना चाहिए था।

इस बजट में सिर्फ़ घोषणा और लॉलीपॉप रूपी किस्तों के जरिए सरकार में सहयोगी बिहार के नीतीश कुमार और आंध्र प्रदेश के चंद्रबाबू नायडू को खुश करने की कोशिश की गई है लेकिन इससे मजबूरीवश अन्य राज्यों के बजटीय हक और हिस्से पर डाका डालना पड़ा है। यहां तक कि हमेशा की तरह चुनावी राज्यों में भी सरकार कोई बड़ी सौगात देने, घोषणाएं करने और रेवड़ियां बांटने में असमर्थ रही है। इससे यह बात पुनः साबित होती है कि सरकार अर्थव्यवस्था की मजबूती का जो ढोल पीट रही थी, वह फूट चुका है और उसकी पोल भी खुल चुकी है यानि समस्त दावें बिलकुल झूठे व खोखले थे और सारें आंकड़े भी मनगंढत, हेराफेरी युक्त व दिखावटी थे !

सरकार द्वारा मुद्रा स्फीति और कमरतोड़ महंगाई को नियंत्रित करने हेतु किसी दीर्घकालिक रणनीति के तहत कोई तात्कालिक ठोस कदम न उठाना, मोदीजी की महत्त्वाकांक्षी योजनाओं जैसे बुलेट ट्रेन, स्मार्ट सिटी, नमामि गंगे आदि को बिलकुल ही भूल जाना भी आम लोगों को हैरान और परेशान करता है।

रेल, शिक्षा, स्वास्थ्य के अलावा रक्षा, अंतरिक्ष एवं वैज्ञानिक अनुसंधान, पर्यावरण प्रदूषण की रोकथाम व उपाय एवं जलवायु परिवर्तन, सामाजिक न्याय एवं कल्याण विभाग व मनरेगा के बजट में भी थोड़ी - थोड़ी कटौती की गई है जो कि कोई शुभ संकेत नहीं है। यहां एक बात का उल्लेख करना महत्वपूर्ण है कि आम चुनावों के दौरान इंडियन ओवरसीज कांग्रेस के प्रमुख सैम पित्रोदा द्वारा सबसे अमीर लोगों पर विरासत कर लगाने की बात का सत्ता पक्ष द्वारा जो पुरजोर तरीके से विरोध किया गया था, उसे अप्रत्यक्ष रूप से दीर्घकालीन संपत्ति निवेश में हुई मूल्यवृद्धि पर कर के रूप में लगाया जा चुका है। इस प्रकार इस बजट में कहीं - कहीं कांग्रेस की अक्ल की बीजेपी द्वारा नकल का भी आभास हो रहा है। शेयर बाजार में भी अल्पकालीन निवेश करने वाले छोटे निवेशकों पर भी कर बढ़ाकर उन्हें बता दिया गया है शेयर मार्केट में निवेश करना आपके बस की बात नहीं है।

खैर मुझे इस बजट में सरकार की जो एक नीति अच्छी लगी, वह यह है कि सरकार गैर - परंपरागत और वैकल्पिक ऊर्जा स्त्रोतों को विकसित करने की तरफ़ अग्रसर होना चाहती है।

अंत में --

गरीबों को सब्सिडी, रईसों को रिबेट,
मिडल क्लास तुम करते रहो डिबेट।
जुमलों की नींव पर खड़ी की है सपनों की ईमारत।
हम दो हमारे दो और दो ही तो है हमारी बैसाखियां।

# बहुजन समाज पार्टी मध्यप्रदेश का प्रदेशाध्यक्ष इन्दर सिंह वर्मा को बनाये जाने की हो रही मांग

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार**



भोपाल। बहुजन समाज पार्टी की राष्ट्रीय अध्यक्ष आदरणीया पूर्व मुख्यमंत्री बहन कुमारी मायावती जी से मध्यप्रदेश प्रदेश अध्यक्ष को नव नियुक्त किये जाने की मध्यप्रदेश के अनेकों जिले के अध्यक्षगण और पदाधिकारियों के द्वारा मांग की जा रही है कि मध्यप्रदेश बसपा के प्रदेश अध्यक्ष श्री पिप्पल जी निष्क्रिय होकर प्रदेश में कहीं भी कार्यक्रम नहीं लगा रहे। न ही प्रदेश की समस्याओं को लेकर कोई कदम उठा रहे। इस कारण प्रदेश के पार्टी कार्यकर्ताओं की ओर से पुरजोर प्रदेश अध्यक्ष को बदलने की मांग की जा रही है। राजगढ़ जिले के श्री इन्दर सिंह वर्मा एडवोकेट एवं पूर्व जोन प्रभारी भोपाल, सागर, संभाग एवं प्रभारी विदिशा में पार्टी के लिए मजबूत करने वाले और हर समय पार्टी व बहन कुमारी मायावती जी के संदेश को जन जन में पहुंचाने वाले श्री इन्दर सिंह वर्मा को मध्यप्रदेश बसपा प्रदेश की कमान सौपने की मांग की जा रही है। राजगढ़ जिले के पूर्व जिला महासचिव श्री सतपाल सिंह वर्मा ने बहुजन समाज पार्टी की आदरणीया सुप्रीमों से मांग की है कि मध्यप्रदेश बसपा नेत्तृत्व को शीघ्र बदलते हुए नव प्रदेश अध्यक्ष के तौर पर पार्टी के निष्ठावान श्री इन्दर सिंह वर्मा को शीघ्र मध्यप्रदेश बसपा का नव नियुक्त अध्यक्ष मनोनीत कर पार्टी को मजबूत करने एवं आगे के आने वाले आम चुनाव में पार्टी के अधिक से अधिक विधायक एवं सांसद बनाने हेतु मध्यप्रदेश का निष्क्रिय अध्यक्ष को बदलना आवश्यक हो गया है। श्री वर्मा के अध्यक्ष बनते ही पार्टी प्रदेश में काफी मजबूत होगी , मिशन का काम भी बढ़ेगा व बहन जी का संदेश के अनुरूप सर्व समाज की सरकार बनाई जा सकती है। बसपा मध्यप्रदेश के अनेकों कार्यकर्ताओं द्वारा बहन जी को पत्र भेजकर मांग हो रही है कि श्री वर्मा जी को बसपा प्रदेश अध्यक्ष मनोनीत किया जाये।

# अनुसूचित जाति कांग्रेस विभाग के भोपाल जिलाध्यक्ष मेवालाल कनर्जी को बधाई

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार**



भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल नगर निगम में वार्ड क्रमांक 11 के लोकप्रिय जनसेवक, गरीब, वंचितों के हक व न्याय की आवाज उठाने वाले पूर्व पार्षद भाई श्री मेवालाल कनर्जी जो कि कांग्रेस के सक्रिय सदस्य होकर अनुसूचित जाति वर्ग के अधिकार हेतु सदैव समर्पित रहते है। श्री मेवालाल कनर्जी संविधान बचाओ कल्याण समिति के प्रदेश अध्यक्ष एवं अम्बेडकरवादी विचारक है, जिनके सामाजिक व राजनैतिक सराहनीय कार्य को देखते हुए। प्रदेश की राजधानी भोपाल जिले का अध्यक्ष बनाया गया है। इनकी नियुक्ति से निश्चित रूप से भोपाल के अनुसूचित जाति वर्ग को अधिकाधिक कांग्रेस की विचारधारा से जोड़ने का काम होगा। इनके जिला अध्यक्ष मनोनीत होने पर अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के पौता, वरिष्ठ पत्रकार व समाजसेवी मूलचन्द मेधोनिया ने अपने शहीद परिवार की ओर से कोटिशः ह्रदय से बधाई एवं शुभकामनाएं संप्रेषित कर अनुरोध किया है मध्यप्रदेश कांग्रेस 2023 विधानसभा में सन् 1942 के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी अमर शहीद वीर मनीराम जी की यादगार में उनके जन्म स्थान चीचली तहसील गाडरवारा जिला नरसिंहपुर में विशाल मूर्ति और स्मारक बनाने हेतु कांग्रेस वचन पत्र2023 में वचन दिया था जिसे अनुसूचित जाति वर्ग में कांग्रेस की ओर से अधिकाधिक प्रचार -प्रसार कराये जाने का काम प्रथमिकता से कराया जाये ताकि अनुसूचित जाति वर्ग के महान क्रांतिकारी वीर मनीराम जी के सम्मान के गौरव मिलने पर कांग्रेस मजबूत हो।

# 8 अगस्त 2024 को रविन्द्र भवन में श्री नारायण सिंह केसरी जन्म शताब्दी वर्ष समारोह में पंचायत ग्रामीण एवं श्रम मंत्री श्री प्रहलाद सिंह पटेल भी आयेंगे



**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार भोपाल**

भोपाल। श्री नारायण सिंह केसरी जन्म शताब्दी वर्ष सम्मान समारोह मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल के रविन्द्र भवन में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें भारत के पूर्व महामहिम राष्ट्रपति श्री रामनाथ कोविंद जी मुख्य अतिथि होंगे। इस आयोजन में मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री जगदीश देवड़ा सहित मध्यप्रदेश शासन के अनेक केबिनेट मंत्री पधारेगें। आयोजन कमेटी के द्वारा मध्यप्रदेश शासन के पंचायत ग्रामीण विकास एवं श्रम विभाग के मंत्री माननीय श्री प्रहलाद सिंह पटेल जी को भी सादर आमंत्रित किया गया है। कार्यक्रम के संयोजक इंजीनियर श्री आर. डी. सुमन जी ने बताया है कि माननीय केबिनेट मंत्री श्री पटेल जी नरसिंहपुर जिले के लोकप्रिय जन नायक है। जिस जिले का इतिहास स्वर्णिम हो, जहां के महान क्रांतिकारी वीरों ने देश की आजादी में बहुत बड़ा योगदान दिया और वतन के खातिर अपने प्राणों की आहूति देकर नरसिंहपुर जिले की भूमि को पावन की है। इस जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के महान स्वतंत्रता संग्राम सेनानी वीर मनीराम अहिरवार जी थे। जिन्होंने अपने गोंड राजा के महल की अंग्रेजों से सुरक्षा करते हुए अंग्रेजों से लड़े, और युद्ध जितें। जिन्हें स्वतंत्रता के बाद बनीं कांग्रेस की सरकार ने अनदेखी कर उस महान क्रांतिकारी जो कि अंग्रेजों की यातनाएं झेलते हुए शहीद हुए। जिन्हें आज तक सम्मान नही दिया। श्री सुमन जी ने बताया कि जब देश ने आजादी का अमृत महोत्सव मनाया तो भूले बिसरे शहीदों की महान कड़ी में मध्यप्रदेश के एक मात्र अनुसूचित जाति वर्ग के वीर शहीद मनीराम अहिरवार जी का नाम प्रदेश के इतिहासकारों , साहित्यकारों, पत्रकारों एवं बुद्धिजीवियों के द्वारा दिया गया। तब सरकार ने उनको स्मरण कर दुख जताया कि कांग्रेस के द्वारा क्यों इतने महान क्रांतिकारी की उपेक्षा की गई। श्री नारायण सिंह केसरी जन्म शताब्दी वर्ष सम्मान समारोह समिति ने घोषणा कर बताया है कि हमारे द्वारा इस गरिमामयी आयोजन में इस बिषय का विस्तार पूरक मांग पत्र प्रस्ताव देकर समारोह में ही घोषणा करवाने का प्रयास किया जायेगा कि शीघ्र ही देश की आजादी में महान क्रांतिकारी योगदान देने वाले महापुरुष की यादगार में उनकी जन्म भूमि पर विशाल स्मारक बनाना जायेगा जो कि सम्पूर्ण अनुसूचित जाति वर्ग के लिए प्रेरणा स्थल के रूप में देश में जाना जायेगा अमर शहीद वीर मनीराम अहिरवार जी के पौता श्री मूलचन्द मेधोनिया जो कि शहीद उत्तराधिकारी परिवार के है। इनके द्वारा यह जानकर बहुत प्रसंशा जाहिर की जा यही है कि मध्यप्रदेश के अनेक सामाजिक संगठनों के द्वारा संयुक्त बड़ी पहल की जा रही है, जैसे कि रविदासिया धर्म संगठन मध्यप्रदेश के प्रदेश अध्यक्ष श्री माधव सिंह अहिरवार, संत रविदास कल्याण



फाऊंडेशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री महेश नंदमेहर, श्री संत रविदास सेवा संस्थान के प्रदेश अध्यक्ष श्री बारेलाल अहिरवार इत्यादि सामाजिक संगठनों के द्वारा लगातार सरकार से मांग निरंतर की जा रही है। श्री आर. डी. सुमन जी ने अनुकरणीय पहल कर सरकार से मांग करने जा रहे है और शहीद परिवार को सम्मानित कर प्रदेश में ही नहीं वह देश में नाम रोशन कर अनूठा उदाहरण दे रहे है। उक्त भव्य आयोजन की बड़े उत्साह से तैयारी चल रही है। जिसकी महत्वपूर्ण बैठक 27 जुलाई 2024 को मध्यप्रदेश विधायक विश्राम खण्ड 2 में दोपहर 11 बजे से 3 बजे तक रखी गई है।

# नारायण केसरी जन्म शताब्दी मनाने को लेकर 27 जुलाई 2024 को विधायक विश्राम खण्ड 2 में बैठक

**मूलचन्द मेधोनिया पत्रकार**

भोपाल। नारायण केसरी जन्म शताब्दी वर्ष सम्मान समारोह दिनांक 8 अगस्त 2024 को आयोजित करने को लेकर भोपाल में मध्यप्रदेश के अनुसूचित जाति वर्ग के वरिष्ठ नेताओं, समाजसेवी गणों की एक आवश्यक बैठक विधायक विश्राम खण्ड 2 में रखी गई है। नारायण केसरी जन्म शताब्दी सम्मान समारोह आयोजक कमेटी के संयोजक इंजीनियर श्री आर. डी. सुमन ने प्रेस विज्ञप्ति देते हुए बताते हुए मध्यप्रदेश के सभी सम्मानित सामाजिक संगठनों के प्रमुखों से अपील की है कि आप सभी सामाजिक संगठनों के पदाधिकारी इस महत्वपूर्ण बैठक में पधारे और अपने सुझाव प्रदान अवश्य करें। श्री सुमन ने बताया है कि उक्त राज्य स्तरीय विशाल आयोजन मध्यप्रदेश की राजधानी में आयोजित किया जाना है। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भारत के पूर्व राष्टपति महामहिम श्री रामनाथ कोविंद जी होगें। जिन्हें प्रदेश के वरिष्ठ आयोजन समारोह समिति के वरिष्ठ नेताओं ने सादर आमंत्रित कर सहमति प्रदाय की जा चुकी है। आयोजन को भव्य करने हेतु भारत सरकार के केन्द्रीय मंत्री,





मध्यप्रदेश के उपमुख्यमंत्री माननीय श्री जगदीश देवता सहित अन्य मंत्री और वरिष्ठ नेताओं को भी आमंत्रित किया जाना है। आयोजन समिति ने मध्यप्रदेश के वरिष्ठ समाजसेवी गणों, सभी सम्मानित संगठनों और समाज चिंतकों से अपील की है कि दिनांक 27 जुलाई 2024 दिन रविवार समय दोपहर 12 बजे से 3 बजे तक रखी बैठक में, विधायक विश्राम खण्ड 2 भोपाल में अपनी गरिमामय उपस्थित प्रदान कर सामाजिक समस्या, आवश्यक हितैषी मांग का सुझाव लिखित रूप से लेकर आये। ताकि वह शामिल किया जा सकें।

## आज की नारी

बेबस नही है आज की नारी
ना समझे उसे कोई बेचारी

1

लद गए वे दिन नारी के
जब पैरों की जूती समझते थे,
तन और मन की पीड़ा देकर
हर पल उनसे उलझते थे ,
मान दिया संविधान ने उनको
अब वे समता के अधिकारी
बेबस नही है आज की नारी ।

2

चूल्हा- चौका बर्तन -भांडे
इससे ज्यादा नही था हक ,
कांधे से कांधा मिला सकती थी
फिर था काबिलियत पर शक,
न अबला न दासी समझो
कोई नहीं अब उसे लाचारी
बेबस नही है आज की नारी।

3

आजादी के पंख लगाकर
नारी उड़ान भर रही है ,
सत्ता शासन हर निकाय मे
आज बराबरी कर रही है।
देक के आधी आबादी को
चकित है ये दुनिया सारी।
बेबस नही है आज की नारी
ना समझे उन्हें कोई बेचारी ।

**हरीश पांडल**
**विचार क्रांति**
**छत्तीसगढ़**

# शासकीय विधि महाविद्यालय नर्मदापुरम में गुरु पूर्णिमा उत्सव का आयोजन




**पत्रकार बीआर अहिरवार**




**नर्मदापुरम।** गुरू पूर्णिमा के अवसर पर शासकीय विधि महाविद्यालय के विद्यार्थियों के द्वारा गुरु पूर्णिमा उत्सव बड़ी धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया । विद्यार्थियों के द्वारा अतिथियों एवं सभी गुरुओं का सम्मान बड़े उत्साह से किया गया। सर्वप्रथम दीप प्रज्वलन ,सरस्वती वंदना एवं स्वागत गीत बच्चों के द्वारा गया गया । गुरु शिष्य परंपरा पर सभी का उद्बोधन एवं गुरुओं का सम्मान विद्यार्थियों के द्वारा किया गया।इसी तारतम्य मे देवी अहिल्याबाई विश्वविद्यालय इंदौर मे माननीय मुख्यमंत्री जी के आतिथ्य मे गुरू पूर्णिमा उत्सव कार्यक्रम सीधा प्रसारण भी संपूर्ण महाविद्यालय परिवार एवम विधाथियो के दारा देखा गया।

# पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संभागीय कार्यालय शुरू होंगे

**भोपाल।** पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संभाग स्तर पर संभागीय कार्यालय शुरू करने के लिये शासन स्तर पर पहल की जायेगी। पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) श्रीमती कृष्णा गौर ने पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग सहायक संचालक एवं निरीक्षक संघ के प्रतिनिधि मण्डल को उक्त आशय का आश्वासन दिया। प्रतिनिधि मण्डल राज्यमंत्री श्रीमती गौर गुरूवार को उनके निवास पर भेंट कर विभिन्न मांगों से संबंधित ज्ञापन सौंपा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने कहा कि संघ द्वारा विभाग की संरचना से संबंधित विभिन्न तथ्यों को ध्यान में लाया गया है, इनमें अन्य विभागों की तरह पिछड़ा वर्ग तथा अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के संभागीय कार्यालय शुरू करने, सहायक संचालक के पदनाम को सहायक आयुक्त किये जाने, विभाग के अधिकारियों को पाँच स्तरीय वेतनमान स्वीकृत किये जाने और विभाग की आवश्यकतानुसार जिला, संभाग और मुख्यालय स्तर पर अधिकारी-कर्मचारियों के पदों के सृजन पर विचार किया जायेगा। उन्होंने कहा कि संघ के द्वारा सौंपे गये मांग पत्र के बिन्दुओं पर विभागीय वरिष्ठ अधिकारियों के साथ चर्चा की जायेगी और विभाग की आवश्यकताओं के अनुरूप तथा पिछड़ा वर्ग के कल्याण को ध्यान में रखते हुए जरूरी मांगों को पूरा करने पर विचार किया जायेगा। राज्यमंत्री श्रीमती गौर ने उनके भ्रमण के दौरान जबलपुर और इंदौर पिछ ड़ा वर्ग के छात्रावासों में दिये गये निर्देशों को पूरा करने पर इन जिलों के अधिकारियों की सराहना की। उन्होंने कहा कि विभाग के सुदृढ़ीकरण के लिये वह पूर्व से प्रयासरत है। पिछड़ा वर्ग के छात्रावासों में लायब्रेरी, मेस और वाईफाई आदि की सुविधाएँ दिये जाने की कार्यवाही की जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रत्येक संभागीय मुख्यालय पर संभाग स्तरीय परीक्षा पूर्व प्रशिक्षण केन्द्र भी शुरू किये जाने का कार्य किया जा रहा है। इससे पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक समुदाय के विद्यार्थियों को अपने संभाग पर प्रतियोगी परीक्षाओं का निःशुल्क प्रशिक्षण मिल सकेगा। संघ के अध्यक्ष श्री आशीष दीक्षित, उपाध्यक्ष श्री प्रवीण कुमार श्रीवास्तव, महासचिव श्री अनिल सोनी, कोषाध्यक्ष श्री संगीता जायसवाल अन्य पदाधिकारी श्रीमती ममता भट्टाचार्य, सुश्री दिव्या, सुश्री रिया जैन, सुश्री नेहा भूमरकर, सर्वश्री योगेन्द्र राज, होमेन्द्र पटले, अर्जुन मालवीय, सुमित रघुवंशी, तीर्थ गर्मे और शैलेन्द्र अतरे और श्री राघव परसारिया राज्यमंत्री श्रीमती गौर से मिलने वाले प्रतिनिधि मण्डल में शामिल थे।



# भारत के पुरातन ज्ञान को नूतन संदर्भ में शिक्षा में समावेश करने की है आवश्यकता : उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार

**भोपाल।** उच्च शिक्षा, तकनीकी शिक्षा एवं आयुष मंत्री श्री इन्दर सिंह परमार ने भोपाल के बरकतउल्ला विश्वविद्यालय परिसर स्थित ज्ञान विज्ञान भवन में ÷भारतीय ज्ञान परंपरा और शोध अनुसंधान÷ विषय पर दो दिवसीय राष्टीय शोध कार्यशाला में कहा कि भारत का ज्ञान विश्व मंच पर सबसे पुरातन और सर्वश्रेष्ठ ज्ञान है। यह ज्ञान परम्परा एवं मान्यता के रूप में भारतीय समाज में सर्वत्र विद्यमान है। शोध एवं अनुसंधान के आधार पर भारतीय ज्ञान परम्परा एवं मान्यता स्थापित हुई हैं। हर विधा-हर क्षेत्र में भारतीय ज्ञान परम्परा के युगानुकुल एवं वर्तमान वैश्विक आवश्यकतानुरूप, पुनः शोध एवं अनुसंधान कर दस्तावेजीकरण करने की आवश्यकता है। शिक्षा में भारतीयता के भाव के समावेश और समाज में श्रेष्ठ नागरिक निर्माण के लिए भारतीय ज्ञान परम्परा को शिक्षा में समाहित करने के लिये कार्यशालाओं एवं संगोष्ठियों का आयोजन प्रासंगिक, महत्वपूर्ण और अत्यंत उपयोगी है। श्री परमार ने ÷राष्टीय शिक्षा नीति-2020के परिप्रेक्ष्य में भारतीय ज्ञान परम्परा समावेशी शिक्षा÷ के आलोक पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि राष्टीय शिक्षा नीति-2020भारत को स्वत्व के भाव के साथ विश्वमंच पर सिरमौर बनने के लिए प्रेरित करती है। इसके लिए हमें अपने गौरवशाली इतिहास, शौर्य, पराक्रम एवं उपलब्धियों पर गर्व का भाव जागृत करने की आवश्यकता है। उच्च शिक्षा मंत्री श्री परमार ने कहा कि वर्तमान परिदृश्य में विश्व को भारत पर गर्व है। विश्वभर के भारतवंशी, भारत को संकल्पों के साथ प्रगतिपथ पर आगे बढ़ता देख गौरवान्वित हैं। हमें भी देश की श्रेष्ठ





परम्पराओं, त्याग एवं बलिदान आदि से प्रेरणा लेकर, विश्वगुरु भारत की संकल्पना को साकार करने में सहभागिता सुनिश्चित करनी होगी। उन्होंने कहा कि भारत के पुरातन ज्ञान को नूतन संदर्भ में शिक्षा में समावेश करने की आवश्यकता है। शैक्षणिक संस्थानों में भारतीय ज्ञान परम्परा पर शोध और अनुसंधान के लिए वातावरण तैयार करना होगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारतीय ज्ञान परम्परा से समृद्ध शिक्षा के लिए विश्वविद्यालय नवाचार, शोध एवं अनुसंधान के केंद्र बनेंगे। श्री परमार ने कहा कि भारत संपन्न और समृद्ध देश रहा है, इसलिए ऐतिहासिक कालखंडों में अंग्रेजों समेत सभी विदेशी आक्रांता भारत को लूटने आए थे। अंग्रेजों के आंकड़ों के अनुसार भारत 90प्रतिशत साक्षरता वाला देश था, यहां 7लाख से ज्यादा समाज द्वारा संचालित गुरुकुल थे। अंग्रेजों ने भारत की संस्कृति और शिक्षा को मिटाने का कुत्सित प्रयास किया, लेकिन राष्टीय शिक्षा नीति-2020के लागू होने से शिक्षा में भारतीय दर्शन और चिंतन पुनः जीवंत हो रहा है। मंत्री श्री परमार ने कहा कि भारत के ÷वसुधैव कुटुंबकम्÷ के भाव में हमेशा से विश्व एवं लोक-कल्याण विद्यमान रहा है। भारतीय समाज आदिकाल से ही वृक्षों, नदियों एवं सूर्य आदि का पूजक समाज रहा है। सूर्य की ऊर्जा पर शोध करते हुए वर्ष 2047तक भारत ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर देश होगा और दूसरे देशों में ऊर्जा आपूर्ति करने में सक्षम होगा। मंत्री श्री परमार ने कहा कि वर्तमान वैश्विक तापमान वृद्धि के नियंत्रण एवं प्रकृति संरक्षण के लिए वृक्षारोपण आज की आवश्यकता है। इसके लिए उच्च शिक्षा विभाग ने ÷विद्यावन÷ के रूप में नवाचार किया है। ÷विद्यावन÷ विद्यार्थियों को सामाजिक एवं नैतिक दायित्व का बोध कराने की अभिनव पहल है। मंत्री श्री परमार ने कार्यशाला की सार्थकता एवं सफलता और शोध-अनुसंधान के क्षेत्र में उज्ज्वल भविष्य के लिए विद्यार्थियों को शुभकामनाएं दी। उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण कर विद्यार्थियों एवं उपस्थित जनसमूह को प्रकृति संरक्षण में सहभागिता सुनिश्चित करने का आह्वान किया। हिन्दी ग्रंथ अकादमी के संचालक श्री अशोक कड़ेल ने कहा कि बौद्धिक के साथ साथ श्रेष्ठ व्यक्तित्व निर्माण, राष्टीय शिक्षा नीति-2020का उद्देश्य है।

# राजस्व महाअभियान-2 संभाग कमिश्नर डॉ.रावत ने प्रभारी नायब तहसीलदार को किया निलंबित

सागर | राजस्व महाभियान-2 के अन्तर्गत दिनांक 24 जुलाई को संभाग कमिश्नर डॉ. वीरेंद्र सिंह रावत के द्वारा न्यायालय नायब तहसीलदार मण्डल कुम्हारी तहसील पटेरा जिला दमोह के आकस्मिक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान

न्यायालय में राजस्व पुस्तक परिपत्र 6 (4) के प्रकरणों में अत्याधिक बिलम्ब, नामांतरण, बटवारा, सीमांकन एव राजस्व प्रकरणों का समय-सीमा पर निराकरण न करना एवं अन्य अनियमिततायें पायी गई। श्री राजेश कुमार सोनी प्रभारी नायब तहसीलदार का उक्त कृत्य अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में उदासीनता, स्वेच्छाचारिता एवं अनुशासनहीनता का द्योतक होकर म०प्र० सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम का उल्लघंन है। अतएव श्री सोनी को म०प्र० सिविल सेवा (वर्गीकरण, नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 09 के अन्तर्गत तत्काल प्रभाव से संभाग कमिश्नर डॉक्टर वीरेंद्र सिंह रावत के द्वारा निलंबित किया गया है।

# मूंग उपार्जन केन्द्र में अनियमिताएं पाये जाने पर केन्द्र प्रभारी को कारण बताओं नोटिस

सागर | जिले में विपणन वर्ष 2024-25 में ग्रीष्मकालीन मूंग उपार्जन खरीदी कार्य अन्नपूर्णा वेयरहाउस महाराजपुर में किया जा रहा है। लगातार अनियमिताओं संबंधी खबरें मिलने पर वेयर हाउस का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वेयर हाउस पर अनियमिताएं पाई गई है। जिसके संबंध में कलेक्टर श्री दीपक आर्य ने प्राथमिक साख सहकारी समिति कोड 58210120 बैलढाना के केन्द्र प्रभारी विनय दीक्षित एवं ऑपरेटर शिवम हर्दया को कारण बताओ नोटिस जारी किया। जिसका तीन दिवस में स्पष्टीकरण मांगा गया है अन्यथा की स्थिति में एक पक्षीय वैधानिक अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि मूंग उपार्जन केन्द्र पर उपार्जन नीति अनुसार एफ.ए.क्यू. मापढंडों का पालन नहीं किया गया। मूंग स्कंध में विजीतीय तत्व मिटटी, कचरा एफएम की मात्रा अधिक पाई गई। सभी टैंग पर किसान कोड अंकित नहीं एवं सर्वेयर द्वारा बार-बार निर्देशित करने के बाद भी उपार्जन नीति के विरूध्द उपार्जन का कार्य किया गया है।

# जिले में अब तक 444.5 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज



सागर | सागर जिले में इस वर्षा सीजन में अभी तक 444.5 मि.मी. औसत बारिश दर्ज की गई है। जिले में स्थापित वर्षामापी केन्द्रों के रिकार्ड के अनुसार एक जून से आज तक बीना केन्द्र पर सर्वाधिक 711.8 मि.मी. वर्षा दर्ज हुई है।

अधीक्षक, भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार जिले में स्थापित विभिन्न वर्षामापी केन्द्रों में एक जून से आज तक सागर केन्द्र में 698.5 मि.मी., जैसीनगर में 366.8 मि.मी., राहतगढ़ में 360 मि.मी., बीना में 711.8 मि.मी., खुरई में 455.6 मि.मी, मालथौन में 454.7 मि.मी., बण्डा में 362.5 मि.मी, शाहगढ में 257 मि.मी, गढ़ाकोटा में 380.6 मि.मी, रहली में 440.2 मि.मी, देवरी में 417.7 मि.मी. तथा केसली में 428.2 मि.मी. वर्षा दर्ज की गई है।

# सैनिक कल्याण संचालक का सागर दौरा 31 जुलाई को



सागर | जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कैप्टन (नौसेना) यूपीएस भदौरिया ने बताया कि सैनिक कल्याण संचालक ब्रिगेडियर अरुण नायर, 31 जुलाई को प्रातः 10 बजे शाहबाज सैनिक संस्थान कैंट में पूर्व सैनिकों/विधवाओं के भेंट करेंगे। उन्होंने समस्त पूर्व सैनिकों/विधवाओं से नियत तिथि पर कार्यक्रम स्थल पर उपस्थित रहने का आग्रह किया है।

# ग्राम जेरई में शिव महापुराण का आयोजन हमारा सौभाग्य है - मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत

## शिव का मतलब ही कल्याण है - महंत विपिन बिहारी

सागर, संपादक |ग्राम जेरई में आयोजित शिव महापुराण का श्रवण करने अपने गृह ग्राम पहुंचे खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री श्री गोविंद सिंह राजपूत ने शिव महापुराण का वाचन कर रहे संत श्री पं. विपिन बिहारी जी की आरती करते हुए कथा सुनने आए दूर-दूर से सभी श्रद्धालुओं का स्वागत, बंधन एवं अभिनंदन करते हुए कहा कि हमारे ग्राम में शिव महापुराण का आयोजन हम सब का सौभाग्य है। शिव महापुराण के चौथे दिन महंत पं. विपिन बिहारी जी ने कथा का वाचन करते हुए कहा कि यह संसार शिव का है और संसार के कंण कंण में शिव समाहित है। संसार को बचाने के लिए शिव जी ने हलाहल विष पिया, शिव की महिमा अपार है।



महंत श्री ने कहा कि राम का मतलब शांति है, शिव का मतलब कल्याण है संसार का कल्याण ही शिव है। शिव के इस संसार में भेदभाव नहीं है। जल ने कभी छुआ छूत नहीं माना, उसने सब की प्यास बुझाई, धरती ने कभी अभिमान नहीं किया लेकिन आजकल लोग अपने अभिमान में चूर हैं। उन्होंने कहा कि समय बड़ा बलवान होता है इसलिए समय रहते शिव का स्मरण करें वह जगत का कल्याण करने वाले देव हैं।

इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्ष श्री हीरा सिंह राजपूत, संगीता रंजीत सिंह राजपूत, मूरत सिंह राजपूत, अनिल पीपरा, देवेंद्र पप्पू फुसकेले सहित जेरई ग्रामवासी तथा आसपास क्षेत्र के श्रद्धालुओं ने कथा में शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित किया एवं शिव महापुराण की आरती की।

# नगर परिषद कारी में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



सागर, प्रतिनिधि | राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री हितेन्द्र सिंह सिसौदिया के मार्गदर्शन में आज नगर परिषद कारी जिला टीकमगढ़ में ठोस अपशिष्ट प्रबंधन पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्री वरूण पुनासे ने अपने उद्बोधन में कहा कि नगरपरिषद के प्रमुख स्थानों पर अपशिष्ट पदार्थ उत्पन्न करने वालों द्वारा कचरे को सूखे और गीले रूप में छांटकर अलग-अलग कूड़ेदान का उपयोग करना चाहिए, जिससे पर्यावरण प्रदूषण से होने वाली हानि को रोका जा सकता है। साथ ही उक्त कार्यक्रम में उपस्थित नगरपालिका अधिकारी, उपयंत्री, सफाईकर्मी एवं जनसमुदाय को अवगत कराया गया।

कार्यक्रम में जिला विधिक सहायता अधिकारी टीकमगढ़ श्री बृजेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा सामान्यजन को पंच-ज के अंतर्गत बताया कि पर्यावरण संरक्षण हमारे लिए बहुत ही आवश्यक है इसके लिए हमें अधिक से अधिक पेड़ लगाना चाहिए एवं नदी, तालाब आदि को स्वच्छ रखना चाहिए और दूसरों को भी प्रेरित करना चाहिए। रासायनिक उर्वरकों एवं कीटनाशकों का प्रयोग न करे, बल्कि जैविक खादों का प्रयोग करें।

इस अवसर पर सी.एम.ओ. नगर परिषद कारी श्री देवेन्द्र आर्या, उपयंत्री सुश्री मोनिका खरे, सहायक वर्ग-03 श्री विजय सिंह यादव सहित सामान्यजन उपस्थित रहे।

# कलेक्टर एवं एसपी ने सभी से त्यौहारों को सौहार्दपूर्ण एवं परम्परा के अनुरूप मनाने की अपील आगामी पर्व/त्यौहारों के मनाये जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक आयोजित

सागर, प्रतिनिधि | कलेक्टर श्री अवधेश शर्मा तथा पुलिस अधीक्षक श्री रोहित काशवानी की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आज आगामी पर्व/त्यौहारों के मनाये जाने के संबंध में शांति समिति की बैठक आयोजित की गई। इस अवसर पर नगर पालिका टीकमगढ़ अध्यक्ष श्री अब्दुल गफ्फार मलिक, अन्य जनप्रतिनिधिगण, पार्षदगण, अपर कलेक्टर श्री पीएस चौहान, एएसपी श्री सीताराम ससत्या, एसडीएम टीकमगढ़ श्री संजय दुबे सहित संबंधित पुलिस अधिकारी, प्रशासनिक अधिकारी तथा शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने जिलेवासियों से पर्व को सौहार्दपूर्ण एवं परम्परा के अनुरूप मनाने की अपील करते हुए त्यौहारों की अग्रिम बधाई और शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी से सद्भावना एवं शांतिपूर्ण ढंग से त्यौहार मनाने की अपील की। उन्होंने बताया कि आगामी पर्व/त्यौहारों के अवसर पर विद्युत विभाग द्वारा विद्युत वायर सुरक्षा हेतु हाइट रस्ट्रिक्शन लगाये जायेंगे। इस हेतु विभाग द्वारा कार्यक्रम से पहले मॉक ड्रिल की जाये, जिससे सुरक्षात्मक उपाय किया जा सके और सर्विस वायर ब्रेक नहीं हों। उन्होंने निर्देशित किया कि नदी/नालों के पास पुलिस बल की तैनाती की जाये। कार्यक्रम स्थल पर अग्निशमन यंत्रों को आयोजकों द्वारा लगाया जाना सुनिश्चित किया जाये। आयोजन के दौरान अग्निशमन वाहनों, एम्बुलेंस आदि आपातकालीन वाहनों को व्यवस्था की जाये। आयोजन स्थलों पर चिकित्सा सुविधा व्यवस्था रखी जाये।



पुलिस अधीक्षक श्री काशवानी ने कहा कि सौहार्दपूर्ण तरीके से त्यौहार मनाया जाये। प्रशासन और पुलिस शांति व्यवस्था को बनाये रखने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि आम जन के सहयोग से पर्व के दौरान बेहतर व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जायें। उन्होंने बताया कि ताजिया और मूर्ति की जमीन से हाइट 15 फीट रखी जाये। जुलूस से सम्बंधित पक्ष के 10-10 लोग पुलिस प्रशासन का सहयोग करेंगे। धार्मिक कार्यक्रमों के सम्पूर्ण होने के अलगे दिन सभी मिलकर सफाई करेंगे और समीक्षा बैठक अगले ही दिन आयोजित किया जायेगी। साथ ही उन्होंने समिति के सदस्यों से कहा कि डीजे बजाने की अनुमति रात्रि 10 बजे तक ही रहेगी तथा डीजे में 2 बॉक्स का उपयोग किया जाये। बैठक में उपस्थित शांति समिति के सदस्यों ने भी अपने सुझाव रखे, जिसके संबंध में व्यावहारिक कार्यवाही करने की बात कही गई।

# रक्षाबंधन से पहले मप्र के सीएम डॉ मोहन यादव ने दी लाड़ली बहनों को सौगात, सावन की पहली तारीख को खाते में आएंगे 250 रुपए

मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन माह में प्रत्येक लाडली बहन के खाते में आने वाली एक तारीख को 250 रुपए अंतरित किए जाएंगे। यह राशि उन्हें शासन की ओर से प्रतिमाह मिलने वाले 1250 रुपये से अलग होगी। यानी सावन माह में लाड़ली बहनों के खाते में सरकार कुल 1500 रुपये जमा करवाएगी। रक्षाबंधन पर जनप्रतिनिधि लाड़ली बहनों से राखी भी बंधवाएंगे।

भोपाल | मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने मंगलवार को मंत्रालय में हुई कैबिनेट बैठक में लाड़ली बहनों के लिए एक अहम घोषणा करते हुए उन्हें रक्षाबंधन की सौगात दी। मुख्यमंत्री ने कहा कि सावन माह में प्रत्येक लाड़ली बहन के खाते में आने वाली एक तारीख को 250 रुपए अंतरित किए जाएंगे। रक्षाबंधन पर जनप्रतिनिधि लाड़ली बहनों से राखी बंधवाएंगे।

कैबिनेट बैठक में मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने कहा कि भारतीय संस्कृति में सावन माह का विशेष महत्व है। सावन माह में प्रत्येक लाड़ली बहन के खाते में आने वाली एक तारीख को ढाई सौ रुपए अंतरित किए जाएंगे। यह राशि लाड़ली बहनों के लिए शासन की ओर से प्रतिमाह जारी होने वाली 1250 रुपए की राशि से अलग होगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि लाड़ली बहनों को प्रतिमाह जारी होने वाले 1250 रुपए पूर्वानुसार उनके खाते में जारी किए जाएंगे।

मुख्यमंत्री डॉ यादव ने जनप्रतिनिधियों से रक्षाबंधन के पर्व पर सावन माह में अपने-अपने क्षेत्र की बहनों से राखी बंधवाने का आह्वान भी किया।

इन प्रस्तावों को मिली मंजूरी - मंत्रालय में हुई बैठक में आईटी नीति में संशोधन समेत कुछ अन्य अहम प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। मंत्रिपरिषद द्वारा प्रदेश में आईटी/




आईटीईएस ईएसडीएम डाटा सेंटर क्षेत्र में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए मप्र आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम निवेश संवर्धन नीति-2023 में संशोधन करने की स्वीकृति दी है। संशोधन अनुसार पात्र निवेशक इकाइयों को मप्र आईटी, आईटीईएस एवं ईएसडीएम निवेश संवर्धन नीति-2023 का लाभ प्राप्त हो सकेगा। पात्र निवेशक इकाइयों को सिंगल विंडो क्लियरेंस, कैपिटल एक्सपेंडिचर और किराये में सहयोग, सस्ती दरों पर भूमि, स्टांप ड्यूटी और रजिस्ट्री में छूट, मार्केटिंग और क्वालिटी कंट्रोल में सहयोग इस नीति के तहत प्राप्त हो सकेगा। नीति के क्रियान्वयन के लिए दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। नीति का लाभ पात्र इकाइयों को प्रदान किए जाने के लिए कंडिका 17 को संशोधित किया गया हैं।

मंदसौर जिले में नवीन तहसील को स्वीकृति - मंत्रिपरिषद द्वारा मंदसौर जिले में नवीन तहसील धुंधडका का सृजन किये जाने की स्वीकृति दी हैं। नवीन तहसील धुंधडका में वर्तमान तहसील मंदसौर (ग्रामीण) के कुल 26 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे। वहीं शेष मंदसौर तहसील में तहसील मंदसौर (ग्रामीण) के 35 पटवारी हल्के समाविष्ट होंगे। नवीन तहसील धुंधडका के कुशल संचालन के लिए तहसीलदार का एक, नायब तहसीलदार के 2, सहायक ग्रेड 2 के दो, सहायक ग्रेड 3 के 04, सहायक ग्रेड-3 (प्रवाचक) के 3, जमादार/दफ्तरी/बस्तावरदार का 1, वाहन चालक का 1, भृत्य के 6 इस प्रकार कुल 20 पद स्वीकृत किए गए हैं।

उच्च शिक्षा विभाग के लिए साढ़े सात करोड़ रुपये - मंत्रिपरिषद् द्वारा उच्च शिक्षा विभाग अंतर्गत संचालित 7 क्षेत्रीय कार्यालयों के सुदृढ़ीकरण के लिए अतिरिक्त 91 पद और 7 करोड़ 46 लाख रूपये की स्वीकृति दी गयी है। इसमें संसाधन तथा वाहन व्यवस्था सहित योजना पर आने वाले वार्षिक आवर्ती व्यय भार 6 करोड़ 41 लाख रुपये और अनावर्ती व्यय भार 1 करोड़ 5 लाख रुपये की स्वीकृति प्रदान की गयी। प्रदेश मे वर्तमान में 570 शासकीय महाविद्यालय, 909 अशासकीय महविद्यालय, 16 शासकीय विश्वविद्यालय एवं 54 अशासकीय विश्वविद्यालय संचालित हैं। इनके प्रशासकीय नियंत्रण के लिए 07 संभाग मुख्यालयों पर क्षेत्रीय कार्यालय बनाए गए हैं। इनका सुदृढ़ीकरण किया जाएगा।

## विसर्जन घाट में बोट चलाने की योजना पूरी नहीं हो सकी



भोपाल, एजेंसी | गढ़ के विसर्जन घाट को मिनी बोट क्लब के रूप में विकसित करने की योजना पूरी नहीं हो पा रही है। गणेश एवं दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के दिनों को छोड़कर यहां सन्नाटा रहता है। यदि घाट में बोट उतारी जाती है तो यहां के नागरिकों की बरसों पुरानी आस पूरी हो जाएगी।

नगर निगम ने इसे राजधानी के बोट क्लब की तरह मिनी बोट क्लब के रूप में तब्दील करने की योजना बनाई थी। घाट की सुंदरता को देखते हुए इस योजना को पूरा करने की जरूरत महसूस की जा रही है।

इस घाट का उपयोग गणेश एवं दुर्गा प्रतिमाओं के विसर्जन के समय ही होता है। झूलेलाल चालीहा पर्व एवं छठ पर्व के दौरान भी यहां पूजा अर्चना होती है। बाकी दिनों में घाट खाली पड़ा रहता है। घाट को सुंदर बनाने के उद्देश्य से नगर निगम ने फव्वारा भी लगाया था। फव्वारा घाट की सुंदरता बढ़ा रहा है लेकिन यहां बोट की कमी महसूस की जा रही है। घाट के पास ही पार्क है इसका रखरखाव भी नहीं हो पा रहा है।

फूड जोन का प्रस्ताव भी अटका- मुंबई चौपाटी की तरह यहां फूड जोन बनाने के प्रस्ताव पर भी अमल नहीं हो पा रहा है। बाजार में जगह7जगह चाट, पकौड़ी के ठेले ख़ड़े होने से आवाजाही प्रभावित होती है। सड़क भी संकरी नजर आती है। सड़क चौड़ीकरण एवं बाजार की सुंदरता बढ़ाने के लिए ही फूड जोन एक जगह बनाने का प्रस्ताव था। पूज्य सिंधी पंचायत के कार्यकारी अध्यक्ष भरत आसवानी का कहना है किविसर्जन घाट में पेडल बोट उताकर इसे पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने की शुरूआत की जा सकती है। प्रतिमा विसर्जन के दौरान बोट का संचालन बंद किया जा सकता है लेकिन बाकी दिनों में इसका लाभ नागरिकों को मिल सकता है।

## आरएसएस के सरकार्यवाहक बोले- विश्व में फैल रहा है मजहबी कट्टरवाद, भारतीय मजदूर संघ के 70 वर्ष पर आयोजन

**भोपाल, एजेंसी** | भारती मजदूर संघ के 70 वर्ष पूरे होने पर राजधानी में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें आएसएस के सरकार्यवाहक दत्तात्रेय ने कहा है कि विश्व में मजहबी कट्टरवाद फैल रहा है।

आरएसएस के सरकार्यवाहक दत्तात्रेय होसबोले ने कहा है कि विश्व में मजहबी कट्टरवाद फैल रहा है। यह मानव समाज के लिए खतरा है। वहीं उन्होंने कहा कि मशीन को मनुष्य पर हावी नहीं होने देना है। गौरतलब है कि सोमवार को मध्य प्रदेश की भोपाल में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना के 70 वर्ष पूरे होने पर कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम संघ और उससे संबंधित संगठनों के देश भर के प्रतिनिधि शामिल हुए। कार्यक्रम में राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, भारतीय मजदूर संघ के पालक अधिकारी, संघ के पूर्व सह सरकार्यवाह वी. भागय्या, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप मुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल, ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर, विधायक भगवान दास सबनानी, महापौर मालती राय



सहित अन्य वरिष्ठजन उपस्थित थे।

संस्कृति पर लगातार हो रहे हमले - कार्यक्रम को संबोधित करते हुए दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि थिंक ग्लोबली एक्ट लोकली उद्योग में मालिक और श्रमिक अलग-अलग वर्ग नहीं हैं। इसी तरह ब्लू कोलर और व्हाइट कोलर को काम करना है। परिवार संघर्ष से नहीं समन्वय से चलता है। इस बात को भारतीय मजदूर संघ ने अंगीकार किया है। उन्होंने संस्कृति पर भी लगातार हमले हो रहे हैं। भारतीय सभ्यता पर हमले हो रहे हैं। हमें इसे भी देखना होगा।

मजदूर संघ की स्थापना और संघर्ष की जानकारी दी - कार्यक्रम में भारतीय मजदूर संघ की स्थापना और संघर्ष की जानकारी दी गई। भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय अध्यक्ष हिरन्मय पंड्या ने कार्यकर्ताओं को बताया गया कि भोपाल में ही 23 जुलाई 1955 को दत्तोपन्त ठेंगड़ी ने संघ की स्थापना हुई थी। उन्होंने कहा था कि नए संगठन की मान्यता है 'अधिकार और कर्तव्य पर ट्रेड यूनियनें समान आग्रह रखें। व्यक्तिगत नेतागिरी, राजनीतिक दलगत स्वार्थ, मालिक, सरकार और विदेशी विचारधारा के प्रभाव से मुक्त रहें। संगठन राजनैतिक दल निरपेक्ष सभी राष्ट्रवादी तत्वों के लिए एक सामान्य मंच के नाते कार्य करे। राष्ट्र संस्कृति एवं परंपरा के आलोक में मजदूरों का मजदूरों के लिए और मजदूरों द्वारा चलाई गई संस्था की भूमिका का निर्वाह करे और मजदूरों का सम्पूर्ण राष्ट्र के साथ मनोवैज्ञानिक तादात्म्य स्थापित करते हुए अधिकतम उत्पादन द्वारा राष्ट्रोत्थान के कार्य में महत्त्वपूर्ण सहयोग देने में सहायक सिद्ध हो।

30 वर्षों से यह देश का लगातार सबसे बड़ा केंद्रीय श्रमिक संगठन - मजदूर संघ के प्रदेश मंत्री राजन नायर ने बताया आज संगठन अपने निर्माण के 70वें वर्ष में प्रवेश कर रहा है, तो इसके साथ 5,778 से अधिक ट्रेड यूनियनें, 40 से अधिक अखिल भारतीय औद्योगिक महासंघ, पूरे देश में 170 से अधिक पूर्ण कालिक कार्यकर्ता, प्रत्येक प्रदेश में प्रादेशिक कार्यालय और प्रदेश के प्रत्येक जिले में जिला कार्यालय सक्रिय हैं। पिछले 30 वर्षों से यह देश का लगातार सबसे बड़ा केंद्रीय श्रमिक संगठन बना हुआ है। भारतीय दूर संघ 1980 में देश का द्वितीय क्रम का संगठन बना, सन 1989 और वर्ष 2002 में सभी केंद्रीय श्रम संगठनों को पीछे छोड़ते हुए लगातार दूसरी बार प्रथम क्रम का संगठन बना, जो आज भी बरकरार है।

## कैबिनेट बैठक में शामिल होने जा रहे मंत्री तुलसी सिलावट की कार को दूसरी गाड़ी ने मारी टक्कर, मंत्री सकुशल

हादसा तुलसी नगर इलाके में हुआ। मंत्री तुलसी सिलावट चार इमली स्थित अपने आवास से कैबिनेट बैठक में शामिल होने के लिए मंत्रालय जा रहे थे, तभी रास्ते में माता मंदिर की ओर से आ रही एक कार ने उनकी कार को टक्कर मार दी। मंत्री दूसरे वाहन में बैठकर कैबिनेट बैठक के लिए रवाना हुए।



भोपाल | प्रदेश के जल संसाधन मंत्री तुलसी सिलावट के काफिले में मंगलवार सुबह एक कार अचानक घुस गई और उनके वाहन को टक्कर मार दी। हादसे में दोनों गाड़ियां बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई है। बताया जाता है कि कार भी सवार थे, लेकिन उनके स्टाफ का कहना है कि वह दूसरी गाड़ी में मौजूद थे। पुलिस ने इस मामले में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

टीटी नगर पुलिस के मुताबिक कैबिनेट मंत्री तुलसी सिलावट मंगलवार सुबह करीब सवा दस बजे कैबिनेट की बैठक में शामिल होने के लिए मंत्रालय जा रहे थे। तभी रास्ते में प्रणाली मंदिर चौराहे पर उनकी रही एक कार ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे के समय मंत्री उसी कार में मौजूद थे, क्योंकि बाद में वह दूसरी कार से सवार होकर मंत्रालय पहुंचे हैं। घटना की खबर लगते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने कार को जब्त कर लिया। साथ ही मंत्री के ड्रायवर की शिकायत पर केस भी दर्ज कर लिया। टीआई मनोज पटवा का कहना है कि जांच के बाद ही आगे

## रानी कमलापति में 176 और भोपाल रेलवे स्टेशन में 108 कैमरे से हो रही निगरानी

**भोपाल, प्रतिनिधि** | पश्चिम मध्य रेलवे में अब तक 29 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर लगभग एक हजार सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा चुके हैं। स्टेशनों के अलावा लेवल क्रासिंग गेटों पर भी सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे है। सुरक्षा की दृष्टि से यह बहुत ही महत्वपूर्ण है। इससे असमाजकि गतविधियों में शामिल लोगों पर नगिाह रहेगी।

देशभर के प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए हैं। यात्रियों, विशेष रूप से महिलाओं और बच्चों की संरक्षा और सुरक्षा की ओर अधिक ध्यान देते हुए इस परियोजना को विस्तारित किया जा रहा है।

इसी क्रम में महाप्रबंधक के प्रयासों से पमरे पर भी यात्री





सुविधाओं में आधुनिक तकनीक का विस्तार हो रहा है। जिसके चलते पमरे के तीनों मंडलों में आधुनिक तकनीक के आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरों को तेजी से लगाए जा रहे है।

पमरे में अब तक 29 प्रमुख रेलवे स्टेशनों पर लगभग एक हजार सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए हैं। स्टेशनों के अलावा लेवल क्रासिंग गेटों पर भी सीसीटीवी कैमरे स्थापित किए जा रहे है।

भोपाल मंडल पर 500 सीसीटीवी कैमरे - भोपाल मंडल के 10 प्रमुख स्टेशनों में 502 सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं। इसमें भोपाल स्टेशन पर 108, इटारसी स्टेशन पर 78, रानी कमलापति स्टेशन पर 176, विदिशा स्टेशन पर 15, बीना स्टेशन पर 40, संत हिरदाराम नगर स्टेशन पर 14, नर्मदापुरम स्टेशन पर 35, शिवपुरी स्टेशन पर 16, सांची स्टेशन पर 10 एवं गंजबासौदा स्टेशन पर 10 आईपी आधारित सीसीटीवी कैमरे स्थापित हैं।

# एक व्यक्ति ने सुरजीत बजाज कोलर रोड से दिसंबर में तीस हजार रुपये जमा करके प्लेटिना गाड़ी खरीदी

एक व्यक्ति ने सुरजीत बजाज कोलर रोड से दिसंबर में तीस हजार रुपये जमा करके प्लेटिना गाड़ी खरीदी गाड़ी लेने के कुछ दिन बाद ही गाड़ी के इंजन से अजीब आवाज आने लगी ग्राहक ने शोरूम में खबर दिया तो शोरूम वालो ने बोला की अभी हमारे शोरूम में सर्विस सेंटर चालू नहीं हुआ है आप रायसेन रोड पर जा क्र प्रॉब्लम दिखा दीजिये ग्राहक ने शोरूम के कहे अनुसार ही किया वह बोलै गया की आपके इंजन में प्रॉब्लम है आपको अपने डीलर से ही मिलना पड़ेगा ग्राहक ने अपने डीलर को फ़ोन किया तो डीलर ने कहा की आपकी गाड़ी दूसरी सर्विस में या तो हम गाड़ी बदल देंगे या तो पूरा इंजन ही बदला जायेगा जिसका आपको कोई भुगतान नहीं करना पड़ेगा जब ग्राहक शोरूम पंहुचा तो उससे गाड़ी जमा करवा ली गई और बोला गया की 7 दिन के



अंदर आपकी गाड़ी या इंजन बदल कर आपको दिया जायेगा ग्राहक ने 7 दिन बाद फ़ोन किया तो उसे गाड़ी ले जाने के लिए बुलाया गया ग्राहक जब शोरूम जाया तो वह इंजन को बिना बताये हु खोल कर के उसे सही किया गया जब ग्राहक ने बोला तो डीलर ने जवाब दिया की इंजन की कोई बात नहीं हुई थी और वह काम कर रहे कंचन नाम के व्यक्ति ने और सर्विस अडवाइजर ने बतमीज़ी से बात की ग्राहक की नाइ गाड़ी का इंजन खोल दिया गया है जिससे उसे लिख क्र भी नहीं दिया जा रहा है की शोरूम से इंजन खोला गया है और न ही इंजन कॉम वॉरेंटी में न ही इंसोरेंस में किया गया शोरूम वाले 10 दिन से ग्राहक को परेशान कर रखा है और इंजन के काम का भी पैसा ग्राहक से ही माँगा जा रहा है।

# सागर में पहली बारिश बनी आफत

## जलभराव ने खोली नगर निगम के दावों की पोल

सागर, एजेंसी | नगर निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा था कि इस बारिश में शहर में कहीं भी जल भराव की स्थिति नहीं होगी, लेकिन कल शाम से शुरू हुई बारिश में सभी दावे फेल हो गए।

सागर शहर में सोमवार की देर शाम शुरू हुई बारिश कहीं राहत तो कहीं आफत का सबब बन गई। बारिश होने से किसानों के चेहरे खिल उठे। लोगों को चिपचिपी उमस भरी भीषण गर्मी से निजात मिली। वातावरण में घुली ठंडक ने मौसम खुशगवार बना दिया। तो वहीं दूसरी तरफ शहर की निचली वस्तियों में रहने वाले लोगों के घरों में बारिश का पानी भर गया। बस्तियों की गलियों ने छोटे नालों का रूप धर लिया। शहर के शास्त्री वार्ड संत रविदास वार्ड सहित शहर के अधिकांश हिस्सो में जलभराव देखा गया। बाजारों में दुकानों और लोगों के घरों में पानी भर गया।



फेल हुए नगर निगम के दावे - मानसून के आने के पूर्व नगर निगम तथा स्मार्ट सिटी के अधिकारियों ने इस बार बारिश में जलभराव रोकने तथा बेहतर प्रबंधन के तमाम दावे किए थे। शहर में मानसून पूर्व की तैयारियों को लेकर आए दिन बैठकों का दौर चला। व्यवस्था सुधारने के तमाम दावे निराधार साबित हुए और पहली तेज बारिश ने इन दावों की पोल खोल दी। नगर निगम के अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों ने कहा था कि इस बारिश में शहर में कहीं भी जल भराव की स्थिति नहीं होगी, लेकिन कल शाम से शुरू हुई बारिश में सभी दावे फेल हो गए। तस्वीरों में देखा जा सकता है कि लोगों के घरों में ओर गलियों में किस तरह से पानी भरा है।

शहर को जलभराव से बचाने फूंके गए करोड़ों रुपये - शहर को स्मार्ट बनाने के लिए 1800 करोड़ रुपये फूंक दिए गए। इसमें 52 करोड़ रुपये का खर्च स्टॉम वाटर प्रोजेक्ट के तहत नाले-नालियों के निर्माण में खर्च किए गए, ताकि जलभराव की स्थिति न बने। शहर में महज एक घंटे की बारिश में ही स्मार्ट सिटी की स्मार्टनेस धरी की धरी रह गई। शहर के मुख्य बाजारों में घुटने-घुटने तक पानी भर गया।

सागर शहर में सोमवार की शाम से मंगलवार की सुबह तक सागर में 142.8 मिमी बारिश हो चुकी है। सीजन की औसत बारिश अभी 32.8 प्रतिशत हुई है जो गत वर्ष की तुलना में अभी 24.8 प्रतिशत कम है। मौसम विभाग की माने तो बारिश का ये दौर जारी रहेगा।



# भगवान भरोसे सुरक्षाः इस एटीएम में गार्ड की जगह रहते हैं आवारा पशु

गौरझामर | सेंट्रल बैंक के एटीएम में आवारा जानवरों का आरामगाह बन गया है, आवारा पशु एटीएम के लिए बने केबिन के अंदर आराम फरमाते हैं पुलिस थाने के पीछे बना सेंट्रल बैंक ऑफ़ इंडिया का एटीएम जो आवारा पशुओं का डेरा जमा रहता है जिससे उपभोक्ताओं को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है सूत्रों से मिली जानकारी बताया है कि सेंट्रल बैंक के एटीएम पर गार्ड की तैनाती नहीं होने से आवारा पशु इसमें घुस जाते हैं आवारा पशु बैठने से एटीएम में जनहानि होने की आकांक्षा भी बनी रहती है नगर के मुख्य सड़क पर बस स्टैंड के चारों ओर बस स्टैंड स्थित नेशनल हाईवे पर आते-जाते वाहनों, राहगीरों, मुसाफिरों सबके लिए परेशानी का सबक बने हैं। इन आवारा मवेशियों से अब शासकीय विभाग के एटीएम तक सुरक्षित नहीं बची है। इसमें दोषी कौन है। यह बेजुबान जानवर, पशुपालक, या






फिर सरकारी तंत्र इन सब बातों में उलझा आम नागरिक दो-चार होता इन जानवरों से सुरक्षा की मांग किससे करें।

# विद्यालय में अनुपस्थित रहने, शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट एवं अन्य शिकायतों के आधार पर संभागायुक्त ने किया प्राचार्य को निलंबित

सागर | बण्डा विकासखण्ड ग्राम मगरधा के शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य आर०के० जैन के द्वारा विद्यालय में अनुपस्थित रहने, शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट एवं अन्य शिकायतों के आधार पर संभागायुक्त डॉ. वीरेन्द्र सिंह रावत ने तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है।

प्राचार्य श्री जैन के विरूद्ध कलेक्टर सागर के माध्यम से प्राप्त प्रस्ताव नोटशीट दिनांक 18-07-2024 में लेख किया गया है कि पालक शिक्षक संघ अध्यक्ष एवं अन्य ग्रामवासी ग्राम मगरधा द्वारा शिकायत की गई है कि शासकीय उ०मा०वि० मगरधा में कार्यरत प्राचार्य आर०के० जैन सप्ताह में केवल एक दिवस संस्था में आते है संबंधित की अनुपस्थिति के कारण शिक्षा की गुणवत्ता में गिरावट आई है। संस्था में प्राचार्य का छात्रों / शिक्षकों/कर्मचारियों पर कोई




नियंत्रण नहीं है। विगत दस वर्षों से शाला विकास एवं संस्था की अन्य निधियों का आय व्यय का लेखा जोखा संधारित नहीं है। एस.एम. डी.सी. सदस्य एवं सरपंच को संस्था के किसी भी आय व्यय से अवगत नहीं कराया जाता है। संबंधित प्राचार्य मनमाने तरीके से बिना प्रस्ताव के राशि व्यय करते है। श्री जैन के विरूद्ध ग्रामवासियों, छात्रपालकों, जनप्रतिनिधियों में अकोश है। क्योकि श्री जैन पूर्णतः लापरवाह, संस्था में अनियमित रहना, कर्तव्यों का पालन नही करना, वरिष्ठ कार्यालय के आदेशों / निर्देशों का पालन न करना इनकी आदत बन चुकी है।

कलेक्टर सागर से प्राप्त प्रस्ताव के अवलोकन एवं परिशीलन उपरांत प्रथम दृष्ट्या प्राचार्य आर०के० जैन दोषी प्रतीत हो रहे है। श्री जैन द्वारा किया गया उक्त कृत्य अपने पदीय दायित्वों के निर्वहन में अनुशासनहीनता स्वेच्छाचारिता का द्योतक होकर म०प्र० सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के नियम 3 के उपनियम उल्लंघन है। अतएव श्री आर० के० जैन प्राचार्य शासकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय मगरधा विकासखण्ड वण्डा जिला सागर को म०प्र० सिविल सेवा (वर्गीकरण नियंत्रण एवं अपील) नियम 1966 के नियम 9 अन्तर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है।

# America में Gold और Silver की कीमतों में बड़ी गिरावट

**नई दिल्ली।** अमेरिका में गुरूवार को न्यूयॉर्क कमोडिटी बाजार में सोने की कीमतें दो हफ्तों के निम्नतम स्तर पर पहुंच गई हैं। भारतीया बाजार में भी इसका असर देखने को मिल रहा है। न्यूयॉर्क कमोडिटी के ताजा रुझानों के मुताबिक, अमेरिका में सोने के कीमतों में 2 प्रतिशत से अधिक की गिरावट के साथ 2365 प्रति औंस पर कारोबार कर रहा है। इसके अलावा चांदी में भी करीब 4 प्रतिशत की गिरावट के साथ 28 प्रति औंस पर कारोबार कर रही है।



अमेरिका के कमोडिटी बाजार में सोने की कीमतों में गिरावट का असर भारत में देखने को मिल रहा है। भारतीय बाजार में सोने की कीमतों में 2 प्रतिशत तक की गिरावट आई है। भारत में सोने की कीमतें 70000 के नीचे आ गई हैं। आने वाले समय में सोने की कीमतों में और गिरावट देखने को मिल सकती है। एमसीएक्स मार्केट के मुताबिक, सोने की कीमतें 1.78 प्रतिशत गिरकर 68105 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गई हैं। इससे पहले सोने का भाव 1,000 रुपये लुढ़ककर 70,650 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया था। पिछले कारोबारी सत्र में बुधवार को सोना 71,650 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। राष्ट्रीय राजधानी में लगातार तीसरे दिन सोने में गिरावट जारी रही और 99.9 प्रतिशत और 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाले सोने का भाव 1,000-1,000 रुपये घटकर क्रमशः 70,650 रुपये प्रति 10 ग्राम और 70,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गया।

चांदी का भाव भी 3,500 रुपये की बड़ी गिरावट के साथ 84,000 रुपये प्रति किलोग्राम रह गया पिछले तीन सत्रों में 23 जुलाई से सोने की कीमत में 5,000 रुपये की गिरावट आई है। 23 जुलाई को सोने की कीमत 3,350 रुपये घटकर 72,300 रुपये प्रति 10 ग्राम रह गई थी, जो इस साल की सबसे बड़ी गिरावट है। मंगलवार को सरकार ने बजट में सोने और चांदी सहित कई उत्पादों पर सीमा शुल्क में कटौती का फैसला किया था। सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया गया है। व्यापारियों ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच स्थानीय आभूषण विक्रेताओं की लगातार बिकवाली से सोने की कीमतों में गिरावट आई।

# शेयर बाजार में आम लोगों की बढ़ती दिलचस्पी से सरकार और SEBI चिंतित

**नई दिल्ली।** शेयर बाजार में भारतीय लोगों की बढ़ती रुचि सरकार और भारतीय प्रतिभूति और विनिमय बोर्ड के लिए चिंता का विषय बनी हुई है। आम लोग अपनी बचत को स्टॉक मार्केट में इंवेस्ट कर रहे हैं जिस कारण जोखिम बढ़ गया है। ब्लूमबर्ग की एक रिपोर्ट के मुताबिक, पिछले साल मार्च तक शेयर बाजार में इंट्राडे ट्रेड करने वाले 10 में से 7 लोगों को घाटा हुआ है। इससे पहले की एक रिपोर्ट में भी पाया गया था कि 10 में से 9 लोग शेयर बाजार के डेरिवेटिव्स में पैसे गंवा रहे हैं।

## सरकार और सेबी की चिंता

शेयर बाजार में जल्दी पैसा कमाने की लालच से बचने की सलाह आम निवेशकों को बार-बार दी जा रही है। मंगलवार को वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शेयर बाजार में इन्वेस्टमेंट से होने वाले फायदे पर टैक्स बढ़ा दिया है। सरकार का मानना है कि इससे शेयर बाजार में ज्यादा जोखिम लेने वाले लोगों की संख्या कम होगी।

## सरकार का दृष्टिकोण



सरकार के राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुवार को कहा कि शेयर बाजार में फ्यूचर्स और ऑप्शंस का इस्तेमाल कीमत तय करने में जरूरी है लेकिन सरकार नहीं चाहती कि आम लोग ज्यादा जोखिम लेकर शेयर बाजार में पैसा लगाएं।

## कोरोना काल के बाद की स्थिति

भारत का मुख्य शेयर बाजार इंडेक्स कोरोना काल के सबसे निचले स्तर से तीन गुना से ज्यादा बढ़ गया है। इसमें आम निवेशकों का बहुत बड़ा योगदान है, खासकर जो लोग शेयर बाजार में सबसे ज्यादा रिस्क वाले फ्यूचर्स और ऑप्शंस सेगमेंट में पैसा लगाते हैं। इन लोगों की वजह से भारत में शेयर बाजार में होने वाले कारोबार की मात्रा दुनिया में सबसे ज्यादा हो गई है।

# ब्रिटेन ने Coinbase Payments पर लगाया 4.5 मिलियन का जुर्माना



**नई दिल्ली।** ब्रिटेन के वित्तीय आचरण प्राधिकरण ने Coinbase Payments पर 4.5 मिलियन (लगभग 37 करोड़ रुपए) का जुर्माना लगाया है। यह जुर्माना कंपनी की वित्तीय अपराधों से सुरक्षा में विफलता के कारण लगाया गया है। 2020 में ख्रष्ट ने की जांच की थी। जांच के बाद, कंपनी ने यह सहमति जताई थी कि जब तक वे अपने एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग (ख्ख) प्रक्रियाओं में सुधार नहीं कर लेते, तब तक वे नए उच्च जोखिम वाले ग्राहकों को नहीं लेंगे। लेकिन कंपनी ने इस प्रतिबंध का उल्लंघन किया और 13,416 उच्च जोखिम वाले ग्राहकों को ई-मनी सेवाएं प्रदान कीं। इन ग्राहकों में से लगभग एक तिहाई ने कुल 24.9 मिलियन (लगभग 205 करोड़ रुपये) जमा किए। FCA ने Coinbase Payments पर यह जुर्माना इसलिए लगाया क्योंकि कंपनी ने वित्तीय अपराधों के खिलाफ सुरक्षा के लिए आवश्यक उपाय नहीं किए थे। कंपनी ने ख्ख प्रक्रियाओं में सुधार किए बिना उच्च जोखिम वाले ग्राहकों को सेवाएं प्रदान कीं, जिससे वित्तीय सुरक्षा खतरे में पड़ गई। जुर्माने के बाद, Coinbase Payments ने अपने एंटी-मनी लॉन्ड्रिंग प्रक्रियाओं को मजबूत करने की योजना बनाई है। कंपनी ने कहा है कि वे FCA के निर्देशों का पालन करेंगे और भविष्य में ऐसी गलतियों को नहीं दोहराएंगे। यह जुर्माना वित्तीय संस्थाओं के लिए एक महत्वपूर्ण संदेश है कि उन्हें वित्तीय अपराधों के खिलाफ कड़े कदम उठाने होंगे। FCA ने स्पष्ट किया है कि वह वित्तीय सुरक्षा को सुनिश्चित करने के लिए ऐसे उल्लंघनों पर सख्त कार्रवाई करता रहेगा। अब Coinbase Payments को अपने ख्ख प्रक्रियाओं को मजबूत करने के लिए तेजी से काम करना होगा ताकि वे भविष्य में ऐसे दंड से बच सकें और वित्तीय प्रणाली की सुरक्षा को बनाए रख सकें।

# Qatar Airways की बिजनेस क्लास वालों के लिए नई सुविधा, किराया जान उड़ जाएंगे होश



**नई दिल्ली।** दुनिया की सबसे बेहतर सुविधा देने वाली एयरलाइंस में से एक कतर एयरवेज ने एक नई बिजनेस क्लास शुरू की है। इस क्लास का नाम क्यूसुइट है, जिसे बेस्ट बिजनेस क्लास का अवॉर्ड मिला है। इस क्लास में मिलने वाली सुविधाएं 5 स्टार होटलों को भी पीछे छोड़ देती हैं। कतर एयरवेज ने इस क्यूसुइट को Qsuite Ne&t Gen नाम दिया है।

## किराया और यात्रा

इस क्लास में यात्रा करना काफी महंगा है। कतर एयरवेज की ऑफिशल वेबसाइट के अनुसार, दिल्ली से लंदन के हीथ्रो एयरपोर्ट तक की यात्रा के लिए का किराया करीब 4.70 लाख रुपए है, जो इंडिगो की फ्लाइट से 23 गुना ज्यादा है। करीब 15 घंटे के इस सफर में फ्लाइट का एक स्टॉपेज है जो दोहा में है।

## Qsuite की विशेषताएं

डबल बेड की सुविधा- इस सुइट में दो सीटों को जोड़कर डबल बेड बनाया जा सकता है, जिससे यात्री आराम से सो सकते हैं। टेक्नॉलजी का इस्तेमाल- इसमें कंपनी का 22 इंच का 4च्य ह्स्ष्ठ टीवी लगा है, जिसे किसी भी दिशा में घुमाया जा सकता है। टीवी को अपने हेडफोन के ब्लूटूथ से कनेक्ट कर सकते हैं।

# नए सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभाग पैनल द्वारा तैयार किया जाएगाः राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा

**नई दिल्ली।** राजस्व सचिव संजय मल्होत्रा ने गुरुवार को कहा कि बजट में प्रस्तावित नए सरलीकृत आयकर कानून का पहला मसौदा कर विभाग की एक आंतरिक समिति द्वारा तैयार किया जाएगा। इसके बाद विधेयक को अंतिम रूप



देने से पहले हितधारकों से परामर्श किया जाएगा। मल्होत्रा ने स्पष्ट किया कि यह प्रक्रिया नई प्रत्यक्ष कर संहिता लाने से जुड़ी नहीं है, बल्कि आयकर कानून की व्यापक समीक्षा से संबंधित है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अपने बजट भाषण में घोषणा की थी कि आयकर अधिनियम, 1961 की व्यापक समीक्षा छह महीने में पूरी की जाएगी। उन्होंने कहा था कि इसका उद्देश्य अधिनियम को संक्षिप्त, सुस्पष्ट और समझने में आसान बनाना है, जिससे विवाद और मुकदमेबाजी कम होगी और करदाताओं को कर निश्चितता मिलेगी।

# China पर मेहरबान हो सकती है सरकार, कंपनियों के निवेश को मंजूरी पर हो रहा विचार



**नई दिल्ली।** गलवान घाटी की घटना के बाद से भारत और चीन के रिश्तों में तनाव बढ़ गया है और कई चीनी कंपनियों को भारत से निकाल दिया गया है। इसके अतिरिक्त, भारत में चीनी कंपनियों के निवेश पर पाबंदी भी लगाई गई थी। हालांकि, अब भारत सरकार चीन पर मेहरबानी दिखने पर विचार कर रही है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, सरकार चीन की कुछ कंपनियों के निवेश को मंजूरी देने पर विचार कर रही है, ये मुख्य तौर पर सोलर मॉड्यूल्स और क्रिटिकल मिनरल्स सेक्टर में काम करने वाली कंपनियां हैं।

## तकनीकी योग्यता

वाणिज्य और उद्योग मंत्रालय ने सोलर मॉड्यूल्स और क्रिटिकल मिनरल्स सेक्टर में चीनी कंपनियों के निवेश की संभावना पर चर्चा की है। हालांकि, इस मुद्दे पर अभी कोई अंतिम निर्णय नहीं हुआ है और बातचीत प्राइवेट रूप से चल रही है।

## संबंधित क्षेत्रों पर फोकस

क्रिटिकल मिनरल्स में लीथियम बैटरी भी शामिल है। बजट में बैटरी और सोलर मॉड्यूल्स पर सीमा शुल्क घटा दिया गया है, जो ऊर्जा संरक्षण, ऊर्जा परिवर्तन और इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण को बढ़ावा देने के लिए महत्वपूर्ण है। सोलर और इलेक्ट्रिक व्हीकल्स पर सरकार का बड़ा फोकस है।

स्वत्वाधिकारी,मुद्रक,प्रकाशक एवं संपादक नागेश नरवरिया द्वारा जय माता प्रिंटर्स म.नं. 1 अमर दाल मिल के पास पेमदीपुरा चिकलोद रोड के पास बापू कालोनी जहांगीराबाद भोपाल मप्र से मुद्रित एवं म.नं. 51 एक्सटेंशन शिवलोक कॉलोनी फेस-3, खजूरी कलां रोड,तह. हुजूर जिला भोपाल से प्रकाशित। **संपादक :-** नागेश नरवरिया (समस्त विवादों का न्यायक्षेत्र भोपाल रहेगा।)